## अमृत वाणी

जिस समय जिस काम के लिए प्रतिज्ञा करो, ठीक उसी समय पर उसे करना ही चाहिए, नहीं तो लोगों का विश्वास उठ जाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या

वर्षः 37 अंक 48

बुधवार 27 मई, 2026

तापमान अधिकतम 43°C | न्यूनतम 27°C

मूल्य 2 रुपए    पृष्ठ- 06    अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित    www.tarunmitra.in


# प्रयागराज में छात्रों ने कंप्यूटर-कुर्सियां तोड़ीं, हाईवे जाम किया

## एसएससी परीक्षा में सर्वर फेल होने से भड़के थे, आज की परीक्षा रद्द



**प्रयागराज, 26 मई।** यूपी के प्रयागराज में हुई SSC-GD भर्ती परीक्षा के दौरान मंगलवार को सर्वर फेल होने पर परीक्षार्थियों ने हंगामा कर दिया। उन्होंने कमरों में रखे कंप्यूटर और कुर्सियां तोड़नी शुरू कर दीं। नारेबाजी करने लगे।

इसके बाद छात्रों ने प्रयागराज-वाराणसी हाईवे भी जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आधे घंटे बाद बड़ी मुश्किल से मामला शांत कराया। बवाल के बाद आज की परीक्षा रद्द कर दी गई।

मामला सरायइनायत थाना क्षेत्र का है। परीक्षा अंदावा स्थित सुनीता सिंह सीता सिंह महाविद्यालय में तीन शिफ्टों (पहली 10 से 11 बजे, दूसरी 1 से 2 बजे और तीसरी 4.30 से 5.30 बजे) में होनी थी। पहली शिफ्ट की परीक्षा निर्धारित समय 10 बजे शुरू हुई।

इसके लिए 600 परीक्षार्थी थे, लेकिन 450 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए। परीक्षा जैसे ही शुरू हुई, कंप्यूटर का सर्वर डाउन हो गया। इस पर परीक्षार्थी हंगामा करने लगे थे। बवाल के बाद आज की परीक्षा रद्द कर दी गई।

थाना सराय इनायत के प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया- कई कंप्यूटर और क्लासरूम के फर्नीचर को नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। जिन छात्रों ने तोड़फोड़ की, उनकी पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही तकनीकी टीम को बुलाकर सर्वर संबंधित समस्या की पड़ताल करने और परीक्षा शेड्यूल को पुनर्निर्धारित करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

SSC के रीजनल हेड आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया- परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ी के कारण हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट शिक्षा विभाग और संबंधित परीक्षा प्राधिकरण को भेजी जाएगी। परीक्षार्थी भी शांति बनाए रखें। साथ ही आज परीक्षा रद्द कर दी गई है। परीक्षा की नई तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी।

वहीं, स्थानीय ग्रामीणों और ट्रैफिक पुलिस ने कहा- जाम के कारण वाहन चालकों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। लेकिन, जल्द यातायात बहाल कर दिया गया।

सोमवार को प्रयागराज के सुनीता सिंह सीता सिंह महिला महाविद्यालय के आई-टेक जोन परीक्षा केंद्र पर भी हंगामा हुआ था। दूसरी शिफ्ट में सीटों से दोगुने अभ्यर्थी पहुंच गए, जिससे नाराज छात्रों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। उम्मीदवारों ने कई कमरों में रखे कंप्यूटर, मॉनिटर, एसी, कूलर, CCTV, सर्वर, जैमर और वाटर कूलर समेत कई उपकरण तोड़ दिए।

इसके बाद छात्रों ने जीटी रोड पर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात संभाले और प्रदर्शन कर रहे छात्रों को शांत कराया। इसी दौरान पुलिस ने लैपटॉप लेकर भाग रहे एक छात्र को हिरासत में लिया।

स्स्ष्ट मध्य क्षेत्र ने परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी बेंगलुरु स्थित एडूक्विटी करियर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को सौंपी थी। केंद्र प्रबंधन ने बताया कि अंदावा के आई-टेक जोन सेंटर पर कुल 650 कंप्यूटर सिस्टम उपलब्ध थे। जबकि दूसरी पाली में 505 के बजाय 1035 और तीसरी पाली में 495 के बजाय 1034 परीक्षार्थियों को यही केंद्र आवंटित कर दिया गया था। केंद्र को आवंटन संबंधी सूचना सोमवार को ही ई-मेल से मिली थी। इससे व्यवस्था खराब हुई।

SSC मध्य क्षेत्र ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर और मुजफ्फरनगर के कुछ केंद्रों पर सोमवार की दूसरी और तीसरी पाली की परीक्षा रद्द कर दी थी। आयोग ने कहा कि सभी प्रभावित परीक्षार्थियों की परीक्षा फिर से होंगी। नए एडमिट कार्ड भी वेबसाइट पर जल्द जारी किए जाएंगे।

रद्द की गई परीक्षाओं की सूची में प्रयागराज के अलावा कानपुर के एसएमटी रामकली इकबाल बहादुर ऑनलाइन सेंटर, लखनऊ की सिटी मॉडर्न एकेडमी, गोरखपुर के महर्षि आईटी इंस्टीट्यूट ऑनलाइन एग्जामिनेशन सेंटर और मुजफ्फरनगर के आदर्श परीक्षा केंद्र शामिल हैं।

# अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों पर धोखाधड़ी का केस

## फर्जी दस्तावेजों से 150 करोड़ का लोन लिया, फिर पैसे दूसरी कंपनियों में भेजे

**नई दिल्ली, 26 मई।** अनिल अंबानी ग्रुप से जुड़ी कंपनियों के तत्कालीन निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेज विंग ने यह मामला कफ परेड पुलिस स्टेशन में दर्ज किया है। आरोपियों पर बैंक से 150 करोड़ रुपए का लोन लेकर उसे दूसरे कामों में ट्रांसफर करने और डिफॉल्ट करने का आरोप है। EOW के सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई एक्सिस बैंक के वाइस प्रेसिडेंट प्रकाश प्रभाकर राव की शिकायत पर की गई है। बैंक का कहना है कि आरोपियों ने बैंक को वित्तीय नुकसान पहुंचाने और धोखाधड़ी करने के इरादे से साजिश रची थी। अनिल धीरुभाई अंबानी ग्रुप (ADAG) से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ एक्सिस बैंक की शिकायत पर दर्ज होने वाली यह दूसरी [illegible] है।यह मामला जनवरी 2010 से नवंबर 2019 के बीच का है। इस अवधि के दौरान रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड यानी [illegible] के तत्कालीन होल-टाइम डायरेक्टर, ADAG ग्रुप की लाभार्थी कंपनियों के तत्कालीन निदेशकों और ग्रुप के संबंधित अधिकारियों ने मिलकर इस साजिश को अंजाम दिया था।पुलिस सूत्रों ने बताया कि लोन मंजूर कराने के लिए आरोपियों ने बैंक में फर्जी दस्तावेज जमा किए और गलत जानकारियां दीं। RHFL की वित्तीय स्थिति को लेकर भी भ्रामक जानकारी दी।जब बैंक ने 150 करोड़ रुपए का लोन जारी कर दिया, तो आरोपियों ने उस पैसे को अपने ही ग्रुप से जुड़ी दूसरी कंपनियों के बैंक खातों में डाइवर्ट कर दिया और बाद में लोन नहीं चुकाया।एक्सिस बैंक की शिकायत पर अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले इसी साल 12 मार्च को EOW ने इन्हीं आधारों पर अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों और उनके कई निदेशकों के खिलाफ पहली एफआईआर की थी।वाइस प्रेसिडेंट प्रकाश प्रभाकर राव ने मार्च में भी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने अब इस दूसरे मामले में कार्रवाई को आगे बढ़ाया है।

# ट्विशा शर्मा हत्याकांड : सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई की एंट्री, एक्शन में केंद्रीय जांच एजेंसी

**भोपाल, 26 मई।** सीबीआई की एक टीम ने जांच के तहत ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह के आवास का दौरा किया। सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई को जांच अपने हाथ में लेने और मामले को शीघ्रता से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। सीबीआई ने कटारा हिल्स पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर को पुनः पंजीकृत किया और भोपाल पुलिस से मामला अपने हाथ में ले लिया।

भोपाल पुलिस ने मंगलवार को बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ट्विशा शर्मा हत्याकांड की जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अनिल शर्मा ने बताया कि उनकी सीबीआई अधिकारियों से मुलाकात हुई।

उन्होंने एएनआई को बताया, हमारी सीबीआई अधिकारियों से मुलाकात हुई... सीबीआई ने अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है और मामला उन्हें सौंपने की प्रक्रिया जारी है। सीबीआई की एक टीम ने जांच




के तहत ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह के आवास का दौरा किया। सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई को जांच अपने हाथ में लेने और मामले को शीघ्रता से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। सीबीआई ने कटारा हिल्स पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर को पुनः पंजीकृत किया और भोपाल पुलिस से मामला अपने हाथ में ले लिया।

इस न्यायालय का निर्देश निचली अदालत, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में लंबित कई कानूनी चुनौतियों पर व्यापक सुनवाई के बाद आया है। पीड़िता परिवार, आरोपी और राज्य के कानूनी प्रतिनिधियों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद, सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच का आदेश देकर मुख्य मामले का निपटारा कर दिया। सूर्यकांत और जॉयमाल्य बागची की अध्यक्षता वाली पीठ ने पाया कि यह धारणा बनाई जा रही थी कि न्यायपालिका निष्पक्ष जांच या मुकदमे की अनुमति नहीं देगी क्योंकि आरोपियों में से एक, समर्थ सिंह, वकालत से जुड़ा है और सास एक पूर्व न्यायिक अधिकारी हैं। न्यायालय ने कहा कि इस धारणा ने चिंता पैदा की है और स्वतः संज्ञान लेने की कार्यवाही शुरू करने के कारणों में से एक है। न्यायालय के निर्देशों के तहत, चल रही जांच की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए पीड़िता परिवार और आरोपी परिवार दोनों से मीडिया साक्षात्कार देने से परहेज करने का औपचारिक अनुरोध किया गया है।

# बांग्लादेशियो यहां से जल्दी भागो : शुभेन्दु

## कहा-घुसपैठियों को जेल नहीं भेजेंगे, वो दामाद नहीं जो बिठाकर खिलाएं, बॉर्डर पर जुटने लगे बांग्लादेशी

**नॉर्थ 24 परगना/मुर्शिदाबाद, 26 मई।** बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को बांग्लादेशियों को देश छोड़कर जाने को कहा। वे बोले- राज्य में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पुलिस को सौंपा जाए, जिसके बाद [illegible] उनकी वापसी में मदद करेगा। उन्होंने कहा जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना एक्शन लेंगे। हम घुसपैठियों को जेल भेजकर रोटी नहीं खिलाएंगे। वह दामाद नहीं है। उन्हें भगाया जाएगा। उनके (बांग्लादेश के) ऑफिशियल्स भी कह चुके हैं कि जो हमारे लोग होंगे, उन्हें ले लेंगे।

इधर, पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में मंगलवार सुबह से ही 100 से ज्यादा विदेशी नागरिक हाकिमपुर चेक पोस्ट पर इकट्ठा हुए हैं। दावा है कि यह लोग पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में अवैध तरीके से रह रहे थे और अब बांग्लादेश लौटने के लिए बॉर्डर पर पहुंच रहे हैं। राज्य का मुर्शिदाबाद ऐसा



पहला जिला बन गया है, जहां 3 बांग्लादेशी नागरिकों को होल्डिंग सेंटर भेजा गया है। तीनों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

एक दिन पहले ही सरकार ने 'डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट' पॉलिसी को लागू करने की दिशा में सभी जिलों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों और डिपोर्टेशन का इंतजार कर रहे घुसपैठियों के लिए होल्डिंग सेंटर बनाने का आदेश दिया था।

23 मई को जारी आदेश में जिला प्रशासन से कहा गया है कि ऐसे सेंटर बनाए जाएं, जहां पकड़े गए संदिग्ध विदेशियों को रखा जा सके। संदिग्ध विदेशियों को ऐसे सेंटर में अधिकतम 30 दिन तक रखा जा सकेगा। इस दौरान उनके दस्तावेज, पहचान और नागरिकता की जांच होगी।

जांच के दौरान लोगों का बायोमेट्रिक डेटा लिया जाएगा और जानकारी केंद्रीय पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। पहचान पूरी होने के बाद उन्हें सीमा सुरक्षा एजेंसियों को सौंपा जाएगा, ताकि वापस उनके देश भेजा जा सके। अंतिम फैसला जिला मजिस्ट्रेट या बड़े अधिकारी करेंगे।

सरकार का कहना है कि यह कदम केंद्र सरकार की उस गाइडलाइन के तहत उठाया गया है, जिसमें अवैध बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं से निपटने की प्रक्रिया बताई गई है। इस आदेश की जानकारी पुलिस और संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है।

अधिकारियों के मुताबिक, होल्डिंग सेंटर अस्थायी व्यवस्था होंगे। यहां उन लोगों को रखा जाएगा, जिन पर भारत में अवैध रूप से रहने का शक है। यह पूरी प्रक्रिया इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025 के तहत की जा रही है।

इस कानून में निगरानी, हिरासत और डिपोर्टेशन की प्रक्रिया को तकनीक से जोड़ा गया है। साथ ही कुछ पुलिस अधिकारियों को बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार भी दिया गया है।

केंद्र सरकार ने CAA के तहत 7 समुदायों को राहत दी है। अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए लोगों पर कार्रवाई नहीं होगी और उन्हें नागरिकता कानून का लाभ मिलेगा। ऐसे लोगों को पुलिस हिरासत में नहीं ले सकेगी।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि जो लोग CAA के दायरे में नहीं आते, उन्हें अवैध घुसपैठिया माना जाएगा। राज्य पुलिस ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर बीएसएफ को सौंपेगी। इसके बाद बीएसएफ बांग्लादेश की सीमा सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर डिपोर्टेशन की प्रक्रिया पूरी करेगी।

# कर्नाटक में सीएम बदलने की अटकलों को राहुल ने किया खारिज

## केसी वेणुगोपाल बोले- सच्चाई नहीं

**दिल्ली, 26 मई।** कांग्रेस ने कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के बदलाव की सभी अटकलों को दृढ़ता से खारिज कर दिया है, महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इन्हें निराधार बताया। पार्टी ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के साथ हुई बैठक केवल आगामी राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों के उम्मीदवारों पर केंद्रित थी। यह बयान कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की चल रही चर्चाओं के बीच आया है।

कर्नाटक में सत्ता संघर्ष की नई खबरों के बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राज्य के मुख्यमंत्री में बदलाव की किसी भी बात को खारिज कर दिया है। इंदिरा भवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मुख्यमंत्री परिवर्तन की अटकलों का खंडन किया। वेणुगोपाल ने कहा



कि आप लोग जो भी अटकलें लगा रहे हैं, वे केवल अटकलें हैं। उनमें कोई सच्चाई नहीं है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मंगलवार को उच्चायोग के साथ हुई बातचीत में कर्नाटक की राज्यसभा और विधानसभा सीटों के आगामी चुनावों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आज हमने कर्नाटक की राज्यसभा और विधानसभा सीटों पर चर्चा की। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और झारखंड जैसे अन्य राज्यों की सीटों के साथ ही कर्नाटक की राज्यसभा और विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। बस इतना ही। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के कांग्रेस नेतृत्व से मिलने के लिए दिल्ली पहुंचने के बाद वहां नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाएं फिर से तेज हो गईं।

सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को राज्यसभा में जाने पर विचार करने का सुझाव दिया है। राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही नई राजनीतिक हलचल के बीच यह सुझाव दिया गया है। हालांकि, खबरों के अनुसार, कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी को बताया कि उनकी राष्ट्रीय राजनीति में आने की कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। सूत्रों ने बताया कि सिद्धारमैया ने इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए समय मांगा है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला समेत कई अन्य लोग बैठक में उपस्थित थे। राज्य में सत्ता परिवर्तन की अटकलों के बीच, कांग्रेस नेतृत्व ने इन अटकलों को तुरंत खारिज कर दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने नेतृत्व परिवर्तन पर किसी भी चर्चा की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि बैठक में केवल आगामी राज्यसभा और कर्नाटक विधान परिषद चुनावों पर ही ध्यान केंद्रित किया गया।

# जानकी निवास मंदिर संपत्ति हड़पने के आरोप में दो गिरफ्तार

## फर्जी महज्जरनामा तैयार कर संत-महंतों के कूटरचित हस्ताक्षर करने का आरोप

**अयोध्या।** श्री जानकी निवास मंदिर की बहुमूल्य संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से कथित रूप से फर्जी महज्जरनामा तैयार करने और प्रतिष्ठित संत-महंतों के नाम से कूटरचित हस्ताक्षर करने के मामले में कोतवाली अयोध्या पुलिस ने दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को हरियाणा के कुरुक्षेत्र जनपद से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर अयोध्या लाया।एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली अयोध्या में दर्ज मुकदमा संख्या 0089/26, धारा 319(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2) बीएनएस के तहत वांछित आरोपित रामकुमार दास तथा बलराम सोई उर्फ बलरामदास को 23 मई



की रात करीब 10.40 बजे हरियाणा के जिला कुरुक्षेत्र स्थित थाना सदर पेहवा क्षेत्र के टोल प्लाजा से गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में रामकुमार दास निवासी मदावरा, ललितपुर तथा मूल निवासी हरदोई और बलराम सोई उर्फ बलरामदास निवासी श्रीगंगानगर, राजस्थान शामिल हैं। दोनों को स्थानीय न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रविवार देर रात अयोध्या लाया गया। मेडिकल परीक्षण के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस के मुताबिक यह मुकदमा महंत मदन मोहन दास की तहरीर पर न्यायालय के आदेश से दर्ज किया गया था। विवेचना में सामने आया कि आरोपितों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 4 अप्रैल 2025 को आयोजित स्व. सुदामा दास की तेरहवीं कार्यक्रम में पहुंचे संत-महंतों की उपस्थिति का लाभ उठाते हुए कथित रूप से फर्जी महज्जरनामा तैयार किया। आरोप है कि दस्तावेज पर प्रतिष्ठित संतों के फर्जी हस्ताक्षर बनाए गए तथा कुछ कम पढ़े-लिखे संतों को गुमराह कर हस्ताक्षर करा लिए गए। बाद में इसी दस्तावेज को सही बताकर 26 अप्रैल 2025 को उप निबंधक सदर कार्यालय में पंजीकृत कराया गया।पुलिस का कहना है कि मंदिर संपत्ति से जुड़े इस कथित षड्यंत्र में दोनों आरोपितों की मुख्य भूमिका सामने आई है। मामले में अन्य बिंदुओं पर भी जांच जारी है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, निरीक्षक अजय कुमार द्विवेदी, हेड कांस्टेबल प्रमोद यादव, कांस्टेबल अनंत यादव (सर्विलांस सेल), कांस्टेबल अरुण यादव एवं कांस्टेबल ऋषि छोकर (स्वाट टीम) कार्रवाई में शामिल रहे।

# दावा- ईरान ने अमेरिका का एमक्यू-9 रीपर ड्रोन गिराया

## अमेरिका का होर्मुज के पास ईरानी बोट्स पर हमला, मिसाइल साइट को भी निशाना बनाया

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, 26 मई।** ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी [illegible]-9 [illegible] ड्रोन को मार गिराया है और ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसे एक लड़ाकू विमान पर भी फायरिंग की है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी [illegible] ने कहा कि ईरानी फोर्स ने एक [illegible]-4 ड्रोन और घुसपैठ करने वाले [illegible]-35 लड़ाकू विमान पर कार्रवाई की।

IRGC ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका युद्धविराम का उल्लंघन करता है तो ईरान को जवाबी कार्रवाई करने का हक है। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने भी बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की ताकतें अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल नहीं बनेंगी और अमेरिका के पास इस क्षेत्र में अब कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं रहेगा।

इससे पहले अमेरिका ने दक्षिणी ईरान में रातभर कई ठिकानों पर हमले किए। अमेरिकी सेना ने कहा कि उन्होंने उन नौकाओं को निशाना बनाया गया जो समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाने की कोशिश कर रही थीं। इसके अलावा मिसाइल लॉन्च साइट्स पर भी हमला किया गया।

ईरान ने अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने का दावा करते हुए उसका वीडियो जारी किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक ड्रोन को होरमुज स्ट्रेट के ऊपर नए एयर डिफेंस सिस्टम से निशाना बनाया गया। जारी वीडियो में समुद्र के पास ड्रोन का कथित मलबा दिखाया गया हैं। ईरान का कहना है कि ड्रोन संवेदनशील क्षेत्र में निगरानी मिशन पर था। ईरानी सेना ने दावा किया कि ड्रोन को उसके नए एयर डिफेंस सिस्टम ने इंटरसेप्ट किया। हालांकि सिस्टम का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है।

ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। रेवोल्यूशनरी गार्ड्स एयरोस्पेस फोर्स के कमांडर सैयद माजिद मूसावी ने कहा कि उनकी सेना निर्णायक और तेज जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

मूसावी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर कहा कि दुश्मन के साथ बातचीत सिर्फ नुकसान है। उन्होंने कहा कि एयरोस्पेस फोर्स पूरी सतर्कता के साथ तैनात है और अंतिम आदेश का इंतजार कर रही है। ईरान की एयरोस्पेस फोर्स देश के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन प्रोग्राम की जिम्मेदारी संभालती है।

इससे पहले ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका पर होरमुजगान क्षेत्र में आक्रामक कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। इसी इलाके में बंदर अब्बास स्थित है, जो ईरान का अहम सामरिक और समुद्री केंद्र माना जाता है। ईरान के इस बयान के बाद पश्चिम एशिया में तनाव फिर बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।


घर के बाहर घर जैसा आराम

होटल वैशाली



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087



कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई    मो. 9235152444

निदान चिकित्सा केन्द्र
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

डा. गुंजन यादव
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डा. रोहित यादव
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

डा. राधेश्याम यादव
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )

प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा: सीएम योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीट भाजपा की झोली में डालीं। सभी नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना। इसका परिणाम रहा कि नगर निगम ने 3 वर्ष में कुछ प्रतिमान भी स्थापित किए, विकास व स्वच्छता का मॉडल दिया। हमें पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने, भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय भी लगा। विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। इसे मुख्यमंत्री या मंत्री नहीं दे रहे, बल्कि केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं। जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा।

यही पीएम मोदी जी का विजन है, प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम में महापौर के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को लखनऊवासियों को विकास की सौगात दी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने 413 करोड़ की 342 परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण किया और स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम ने सभी 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन तथा लगभग 14000 पार्षदों को तीन वर्ष का कार्यकाल संपन्न होने पर शुभकामनाएं दीं। सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम को देश में तीसरा स्थान मिला, इसे पहले स्थान पर लाना है। यह केवल महापौर, पार्षद या सफाई कर्मचारी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। घर का कूड़ा कूड़ेदान में ही फेंकें, गीला-सूखा कूड़ा अलग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। नालियों में कूड़ा न फेंकें और सरकारी संपत्तियों का नुकसान भी न करें। लोग कहते हैं कि लखनऊ बहुत साफ-सुथरा है, जब सरकार की कार्यपद्धति साफ-सुथरी होती है तो ऐसा ही होता है। मंत्री, महापौर, पार्षद, पूरी कार्यकारिणी, अधिकारी, सुपरवाइजर तथा सफाई कर्मचारी, सब जुटते हैं तो स्वच्छता दिखाई देती है। सीएम ने ढाई करोड़ की कार से आकर गमला चोरी करने वालों पर कटाक्ष किया और कहा कि सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। 45 रुपये का गमला खरीद लेते तो सम्मान भी बना रहता और शहर भी सुंदर दिखता।

सीएम योगी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उदाहरण दिया और कहा कि जहां 30 वर्षों से कूड़ा डंप होता था, वह अब बेहतरीन स्थल है। वहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। सीएम ने तीनों महापुरुषों के व्यक्तित्व व राष्ट्र के लिए योगदान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल ही नहीं, ग्रीन कॉरिडोर व मेट्रो समेत हर प्रकार की जन-सुविधाएं हैं। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले सपा सरकार में गरीब के लिए मकान स्वीकृत नहीं हुए। उनकी योजनाएं गरीबों, नौजवानों के लिए नहीं थीं। हमने चेहरा, जाति, क्षेत्र, मत-मजहब देखे बिना देश की चार जातियों (गरीब, युवा, महिला व किसान) को केंद्र में रखकर काम किया। शहरी-ग्रामीण क्षेत्र में 65 लाख से अधिक गरीबों को आवास उपलब्ध कराए। पहले की सरकारें परिवार के लिए सोचती थीं, इसलिए फेल थीं। सपा के गुंडे महिला सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा थे। सपा सरकार में शासन की योजनाओं का लाभ चुनिंदा परिवारों को मिलता था, जबकि मोदी जी ने देशवासियों, डबल इंजन सरकार ने 25 करोड़ प्रदेशवासियों और नगर निगम ने पूरे क्षेत्र को अपना परिवार माना। सीएम ने लखनऊ को प्रदेश का सबसे बड़ा महानगर व नगर निगम बताते हुए कहा कि जितना बड़ा दायित्व होगा, उतनी बड़ी चुनौतियां भी होंगी, लेकिन लखनऊ व प्रदेश चुनौतियों का बखूबी सामना कर रहा है। सीएम ने नकारात्मक राजनीति करने और सकारात्मक पहल पर अंगुली उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा कि तीन वर्ष में नगर निगम, 9 वर्ष में प्रदेश और 12 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास के कार्यक्रम नए प्रतिमान से बढ़ाए गए। नगर निकाय, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा सरकार ने कुछ नया करके दिखाया है। हमारे शहर 'ईज ऑफ लिविंग' की दृष्टि से स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित हैं। लखनऊ नगर निगम ने गत वर्ष 200 करोड़ से अधिक का बांड जारी किया था, जबकि 2017 के पहले यहां के बांड की कीमत 25 करोड़ भी नहीं थी। सीएम योगी ने कहा कि ऊर्जा संकट वैश्विक बन चुका है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण सप्लाई लाइन बाधित हुई है। दुनिया के तमाम क्षेत्रों में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। जिस अमेरिका के पास अपने ऊर्जा के क्षेत्र हैं, वहां पेट्रोलियम पदार्थ के दाम दोगुने से अधिक हुए हैं। महंगाई चरम पर है, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में लगातार इसे नियंत्रित किया गया है।

## बौंडी में इंटर कॉलेज की मांग तेज,नंदिनी मिश्रा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



बहराइच। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ऐतिहासिक कस्बा बौंडी में इंटर कॉलेज की मांग तेज हो गई है। इंटर स्तर की शिक्षा व्यवस्था न होने से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं की पढ़ाई प्रभावित होने का मुद्दा अब प्रशासन तक पहुंच गया है। मंगलवार को बौंडी की बेटी एवं भाजपा नगर मंत्री नंदिनी मिश्रा ने जन चेतना समिति की ओर से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर राजकीय हाई स्कूल बौंडी का उच्चीकरण कर इंटर तक की कक्षाएं संचालित कराने की मांग की। ज्ञापन में बौंडी के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए बताया गया कि यह एक प्राचीन और गौरवशाली कस्बा है।

वर्ष 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बेगम हजरत महल को यहां लगभग नौ माह तक शरण मिली थी। रियासत काल में बौंडी 12 तहसीलों की मुख्य तहसील भी रहा है। इसके अलावा घाघरा नदी की कटान से क्षेत्र प्रभावित होने पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा यहां 14 स्टेट बनाकर कस्बे को सुरक्षित किया गया था। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में बौंडी कस्बे में 15 विद्यालय, राजकीय चिकित्सालय, होम्योपैथिक अस्पताल, इंडियन बैंक, डाकघर, पुलिस थाना, समिति भवन, पानी की टंकी तथा सभी प्रमुख दूरसंचार कंपनियों के टावर जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। बाजार क्षेत्र होने के कारण यहां प्रतिदिन लगभग 30 हजार लोगों का आवागमन होता है इसके बावजूद सबसे बड़ी समस्या यह है कि 10 किलोमीटर के दायरे में एक भी इंटर कॉलेज नहीं है।

दूरी अधिक होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाएं हाई स्कूल के बाद पढ़ाई जारी नहीं रख पातीं और बड़ी संख्या में छात्राओं को शिक्षा बीच में छोड़नी पड़ती है। जन चेतना समिति ने ज्ञापन में बताया कि इस संबंध में पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र पर जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। वहीं राजकीय हाई स्कूल बौंडी की प्रधानाचार्या के अनुसार विद्यालय परिसर में खाली दो कमरे उपलब्ध हैं और शासन से आदेश प्राप्त होते ही कक्षा 11 का संचालन शुरू किया जा सकता है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र के शैक्षिक विकास को ध्यान में रखते हुए राजकीय हाई स्कूल बौंडी का तत्काल उच्चीकरण कर इंटर की कक्षाएं शुरू कराई जाएं। उनका कहना है कि इससे बौंडी सहित आसपास के दर्जनों गांवों की बेटियों को सीधा लाभ मिलेगा और शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

## विद्यालयों में पठन संस्कृति मजबूत करने में जुटी योगी सरकार

लखनऊ। योगी सरकार अब परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों में पठन संस्कृति को मजबूत कर बच्चों में पढ़ने की आदत, भाषा दक्षता और रचनात्मक सोच विकसित करने पर विशेष जोर दे रही है। शैक्षिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर पठन संस्कृति और समाचार-पत्र पठन से संबंधित पूर्व में जारी निर्देशों के प्रभावी अनुपालन को लेकर फिर से व्यापक स्तर पर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि विद्यालयों में पढ़ने का सकारात्मक वातावरण विकसित किया जा सके। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से पहले ही विद्यालयों में पठन संस्कृति, समाचार-पत्र पठन और रीडिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक निर्देश जारी किए जा चुके हैं। अब उन्हीं निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए समस्त प्राचार्य डायट, एडी बेसिक, बीएसए, बीईओ आदि को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि विद्यालयों में पठन गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु व्यक्तिगत एवं समर्पित प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। योगी सरकार का फोकस अब परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ाई को केवल पाठ्यक्रम आधारित न रखते हुए विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित कर भाषा दक्षता, संवाद क्षमता, तार्किक सोच और रचनात्मक अभिव्यक्ति को मजबूत करने पर भी है। इनमें विद्यालयों में नियमित रीडिंग ऑवर, समाचार-पत्र उपलब्ध कराना, सुबह की सभा में समाचार वाचन और बच्चों को पुस्तक पठन के लिए प्रेरित करना शामिल है। यही कारण है कि समाचार-पत्र पठन, रीडिंग ऑवर और स्क्रीन टाइम कम करने जैसी गतिविधियों को अब और अधिक गंभीरता के साथ लागू कराने पर जोर दिया जा रहा है। इन गतिविधियों को नियमित और प्रभावी तरीके से संचालित कर प्रत्येक विद्यालय में पढ़ने का सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाएगा। विद्यालयों में डियर (ड्रॉप एवरीथिंग एंड रीड) कैंपेन को भी प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया है। इसके अन्तर्गत सप्ताह में एक निर्धारित समय पर छात्र-छात्राएं, शिक्षक और प्रधानाध्यापक अपनी पसंद की पुस्तकें पढ़ेंगे। इसके अलावा प्राथमिक स्तर पर सुपर-20% और उच्च प्राथमिक स्तर पर सुपर-30% रीडिंग चैलेंज जैसी गतिविधियों को भी नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। निर्धारित संख्या में पुस्तकें पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक पुस्तकें पढ़ने वाले छात्र-छात्रा को चैंपियन रीडर ऑफ द इयर घोषित कर पुरस्कृत भी किया जाएगा। शासन की मंशा है कि विद्यार्थी पुस्तक पठन तक सीमित न रहें, बल्कि उनकी स्वतंत्र लेखन क्षमता और रचनात्मक सोच भी मजबूत हो।

इसके अंतर्गत पढ़ी गई पुस्तकों, कहानियों और समाचार-पत्रों के आधार पर विद्यार्थियों से लेखन कार्य एवं रचनात्मक गतिविधियां कराई जाएंगी। साथ ही विद्यालय स्तर पर लेखन प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी विशेष जोर दिया गया है।

## योगी सरकार के विजन को गति देंगे टाटा टेक्नोलॉजीज और डेलॉयट



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए योगी सरकार लगातार कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा को नए आयाम दे रही है। इसी क्रम में सोमवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में वैश्विक परामर्शदाता कंपनी डेलॉयट और तकनीकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी टाटा टेक्नोलॉजी ने प्रदेश के युवाओं के लिए तैयार किए जा रहे भावी रोडमैप और योजनाओं का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

बैठक में टाटा टेक्नोलॉजीज के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के आधुनिकीकरण और उन्हें 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) के रूप में विकसित किए जाने की प्रगति साझा की। प्रेजेंटेशन में बताया गया कि आधुनिक मशीनों, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, ऑटोमेशन और इंडस्ट्री 4.0 आधारित तकनीकों के जरिए युवाओं को उद्योगों की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोजगार प्राप्त कर सकें। वहीं डेलॉयट के विशेषज्ञों ने उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा की रणनीतिक भूमिका पर प्रस्तुतीकरण दिया। डेलॉयट ने भविष्य के रोजगार रुझानों (फ्यूचर जॉब ट्रेंड्स), उद्योगों की मांग और निवेश आधारित रोजगार सृजन मॉडल का विश्लेषण करते हुए सुझाव दिया कि स्किल डेवलपमेंट योजनाओं को सीधे औद्योगिक निवेश और नई तकनीकों से जोड़ा जाए, जिससे युवाओं को अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

बैठक के दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए वैश्विक संस्थाओं की विशेषज्ञता का पूरा लाभ उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि टाटा टेक्नोलॉजीज और डेलॉयट जैसी संस्थाओं का सहयोग प्रदेश के युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजनाओं और सुझावों को तेजी से धरातल पर लागू किया जाए, ताकि उत्तर प्रदेश का हर युवा आधुनिक कौशल से लैस होकर आत्मनिर्भर बन सके और राज्य की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभा सके।

बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को केवल डिग्रीधारी नहीं बल्कि इंडस्ट्री-रेडी प्रोफेशनल बनाना है, जिससे उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी स्किल कैपिटल के रूप में उभर सके।

## कोरोना काल से बंद पैसेंजर ट्रेनों का संचालन से लोगो मे हर्ष




बाराबंकी। कोरोना काल से बंद पैसेंजर ट्रेनों का संचालन दिनांक 26/5/2026 से पुनः शुरू हो गया है। इस महान कार्य के लिए उमाशंकर भट्ट उर्फ डब्लू भैया की ओर से रेल मंत्रालय को कोटि-कोटि बधाई। राष्ट्रीय नारायणवादी विकास पार्टी के अध्यक्ष जी अन्य पदाधिकारी व पंडित उमाशंकर भट्ट उर्फ डब्लू भैया जी के अथक प्रयास व शांतिप्रिय आंदोलन का परिणाम है कि आज क्षेत्र की जनता जिसमें मजदूर, दैनिक यात्री, छात्र-छात्राएं बीमार व्यक्ति व उनके तीमारदारों को इन पैसेंजर ट्रेनों के संचालन से भरपूर लाभ मिलेगा। इन्हीं सभी के आशीर्वाद स्नेह व सहयोग से आज यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। पैसेंजर ट्रेनों के पुनः संचालन की कड़ी में नकहा जंगल से डालीगंज तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन 26/5/ 2026 को जहांगीराबाद राज रेलवे स्टेशन पर 3:06 पर पहुंची। ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर मनोज कुमार सिंह व स्टेशन मास्टर अमन त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को गंतव्य के लिए आगे को रवाना किया। इंटरलॉकिंग स्टाफ में अभिषेक कुमार व उनके सभी सहयोगी मौजूद रहे। क्षेत्र की जनता भी अपनी बहु प्रतीक्षित पैसेंजर ट्रेन को देखने के लिए स्टेशन पर मौजूद रही।

सभी ने उमाशंकर भट्ट जी व रेल मंत्रालय को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित किया।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.-55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

## भक्तिभाव का सागर, जगह-जगह भंडारों में उमड़ा जनसैलाब



टिकैतनगर,बाराबंकी। नगर पंचायत टिकैतनगर में चतुर्थ बड़े मंगल के पावन अवसर पर श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा भव्य भंडारों का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। कहीं श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया तो कहीं स्वादिष्ट कढ़ी-चावल का प्रसाद पाकर भक्त भावविभोर नजर आए। सुबह से ही नगर में जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारों में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते रहे और श्री हनुमान जी महाराज के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते नजर आए भंडारे के क्रम में नगर पंचायत टिकैतनगर के मुख्य चौराहे के निकट आलोक यज्ञसैनी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी-चावल के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया वहीं श्री पी ड़ी जैन इंटर कॉलेज के पास स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भी पूरी-सब्जी के भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में नगर के गणमान्य लोग एवं युवा कार्यकर्ता भी सेवा भाव से जुटे रहे। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपाशंकर शुक्ला, क्रांति कश्यप, जिमी गुप्ता, सचिन निगम, सचिन गुप्ता, आशु यज्ञसैनी, नितिन यज्ञसैनी, सुधीर यज्ञसैनी, मनोज जायसवाल सहित अनेक लोगों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

## ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल के अवसर पर प्रसाद वितरण



बहराइच। ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल के पावन अवसर पर डोकरी क्षेत्र के सिलेमपुर गांव में श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए छोला, चावल, पूड़ी एवं शीतल जल के प्रसाद की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में समाजसेवी सोनू रस्तोगी, विजय प्रताप, रघुनाथ पांडे, अशोक, विजय शंकर पांडे, दिवाकर पांडे, शिवम सोनी, नीरज, देशराज सिंह, रवि तथा पुष्कर पांडे ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल के अवसर पर सेवा और भक्ति की परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया तथा आयोजन की सराहना की।

### पूर्व सांसद व इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने दी आर्थिक सहायता

बल्दीराय-सुल्तानपुर। विगत दिनों एक सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले युवक मनोज यादव के परिजनों को पूर्व सांसद व इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने दी आर्थिक सहायता पहुंचाते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

ज्ञात को की सुल्तानपुर जिले के विकासखंड धनपतगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपर गांव निवासी मनोज यादव की विगत दिनों सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई थी।घटना की जानकारी मिलने पर इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने मृतक के घर पहुंच शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।इसी क्रम में विधायक के निर्देश पर विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव द्वारा मृतक परिवार को11,000 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रामनाथ यादव,प्रेम प्रकाश यादव,सत्य प्रकाश सिंह,अजीत यादव,राजेश यादव, राजेश तिवारी समरथपुर सहित गांव के अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. राज कुमार यादव बने दया कम्युनिटी फाउंडेशन के सदस्य



फूलपुर,आजमगढ़।आजमगढ़ जिले के फूलपुर तहसील क्षेत्र के खानजहापुर गांव निवासी डॉ. राज कुमार यादव को सामाजिक संस्था दया कम्युनिटी फाउंडेशन में सदस्य पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय चैंपियन आकाश यादव डॉ सुरेन्द्र कुमार पासवान राष्ट्रीय सह संयोजक ने उन्हें मनोनयन प्रमाण पत्र प्रदान कर सदस्यता दिलाई।

डॉ. राज कुमार यादव को संगठन से जोड़ने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके जुड़ने से संगठन के जनकल्याणकारी कार्यों को नई मजबूती मिलेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश यादव ने कहा कि संस्था समाज के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य कर रही है और डॉ. राज कुमार यादव जैसे सामाजिक व्यक्तित्व के जुड़ने से संगठन को लाभ मिलेगा। डॉ. राज कुमार यादव ने कहा कि वह संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

## कान्हा गौशाला के बाहर धूप में तड़पता रहा बछड़ा, लोगों में आक्रोश



फूलपुर,आजमगढ़। नगर पंचायत माहुल क्षेत्र के खानजहापुर गांव स्थित कान्हा गौशाला के बाहर रविवार को एक संवेदनशील मामला सामने आया।

गौशाला के बाहर सड़क किनारे एक गाय का बछड़ा तेज धूप में घंटों तड़पता रहा, लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा। बछड़े की हालत गंभीर बताई जा रही थी और वह दर्द से कराहता रहा।

स्थानीय लोगों के अनुसार बछड़ा काफी देर तक सड़क किनारे पड़ा रहा। राहगीरों और ग्रामीणों ने उसे देखकर मदद की कोशिश की, लेकिन न तो गौशाला का कोई कर्मचारी मौके पर दिखाई दिया और न ही तत्काल उपचार की व्यवस्था हो सकी। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच बछड़े की हालत बिगड़ती देख लोगों में नाराजगी फैल गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पशुओं की सुरक्षा और देखभाल के लिए संचालित कान्हा गौशाला की व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है।

उनका कहना है कि गौशाला पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद पशुओं को समय पर उपचार और संरक्षण नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लापरवाही का आरोप लगाया। इस संबंध में पशु चिकित्साधिकारी डॉ आर.एस. चौहान ने बताया कि किसी ने लावारिस गाय और उसके बछड़े को वहां छोड़ दिया था। घटना की जानकारी पहले नहीं थी। सूचना मिलते ही बछड़े को गौशाला के अंदर करवाकर पैरा वेट कर्मी को भेजा गया है और उसका उपचार कराया जा रहा है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों को देखते हुए दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

बहराइच।अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड का सलामी लेकर निरीक्षण किया गया एवं आगामी पर्व बकरीद एवं अन्य त्योहारों के दृष्टिगत दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर)आयुष विक्रम सिंह द्वारा मंगलवार की परेड रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच स्थित परेड ग्राउंड पर कराते हुये परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत पुलिस बल की दौड़ कराई गई एवं टोली वार शस्त्र ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में निर्देशित किया गया। परेड उपरांत आगामी पर्व बकरीद एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने तथा जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन, परेड ग्राउंड बहराइच में दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया।अभ्यास का उद्देश्य संभावित आपात परिस्थितियों में पुलिस बल की तत्परता, समन्वय क्षमता एवं कार्यकुशलता का परीक्षण करना तथा आधुनिक दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

ड्रिल के दौरान पुलिस बल को एंटी राइट गन, रबर बुलेट, अश्रु गैस गोले, ग्रेनेड, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, कैन शील्ड, हैंड गार्ड एवं लेग गार्ड सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का रियल टाइम अभ्यास कराया गया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण के दौरान इन उपकरणों की उपयोगिता एवं भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।इस दौरान।

श्री सिंह द्वारा पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को बेहतर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये तत्पश्चात क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गयी तथा शस्त्रों के रख रखाव का निरीक्षण कर उनकी साफ-सफाई हेतु दिशा निर्देश दिए गए, इसके अतिरिक्त श्री सिंह द्वारा परिवहन शाखा का निरीक्षण किया गया साथ ही मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया।पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## संकोच छोड़ें, जांच कराएं, समय पर पहचान से फेफड़े रहेंगे सुरक्षित:सीएमओ

बहराइच। टीबी शुरुआती चरण में अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के चुपचाप फेफड़ों को नुकसान पहुंचाती रहती है। ऐसी ही छिपी हुई बीमारी की समय रहते पहचान के लिए जिले में 24 मार्च से 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 12,754 बिना लक्षण वाले लोगों का डिजिटल एक्स-रे कराया गया। एक्स-रे में हल्के संकेत मिलने पर जब सीबी-नाट जांच कराई गई, तो 66 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई। खास बात यह रही कि इन लोगों को स्वयं भी अपने संक्रमित होने की जानकारी नहीं थी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमों ने विशेष रूप से उन संवेदनशील क्षेत्रों और लोगों पर ध्यान केंद्रित किया है, जहां संक्रमण की आशंका अधिक होती है। इनमें



कुपोषित व्यक्ति, मलिन बस्तियों में रहने वाले लोग, ईंट-भट्ठों और निर्माण स्थलों पर कार्यरत मजदूर, मधुमेह के रोगी, बुजुर्ग, पूर्व में इलाज करा चुके लोग तथा वर्तमान मरीजों के साथ रहने वाले लोग शामिल हैं।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि जिले में प्रस्तावित 350 विशेष शिविरों में से अब तक 152 का आयोजन किया जा चुका है। इन शिविरों के माध्यम से बिना लक्षण वाले 66 मरीजों के अलावा, लक्षणयुक्त 1,620 अन्य लोगों में भी टीबी की पुष्टि हुई है।बीते दो महीनों में कुल 1,686 नए मरीजों की पहचान कर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है।वर्तमान में जनपद में लगभग 6,000 टीबी मरीज उपचाराधीन हैं, जिनकी नियमित दवा और पोषण सहायता सुनिश्चित की जा रही है।सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अक्सर लोग यह सोचकर जांच नहीं कराते कि जब खांसी या बुखार जैसे लक्षण नहीं हैं तो बीमारी कैसे हो सकती है, जबकि शुरुआती चरण में टीबी बिना लक्षण के भी हो सकती है।

उच्च जोखिम समूह में इसके होने की आशंका अधिक रहती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि गांव, बस्ती या अस्पतालों में लगने वाले स्वास्थ्य विभाग के शिविरों में अपनी और परिवार की निशुल्क जांच अवश्य कराएं। समय पर पहचान और नियमित दवा से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। जागरूक और सतर्क रहना ही इस अभियान का सबसे बड़ा संदेश है।

## अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अधिवेशन में जिला जज को दी गई पारित प्रस्ताव की प्रति

बहराइच। अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश का प्रदेश अधिवेशन पूर्व में दिनांक 16 तथा 17 मई 2026 को हरियाली रिसोर्ट लखनऊ रोड बहराइच में आयोजित किया गया था। प्रदेश अधिवेशन में उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर बहुत सारे विचारों पर मंथन हुआ जिसमें अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश कार्यकारिणी तथा विभिन्न ज़िलों के जिला कार्यकारिणी के विद्वान अधिवक्ता गण सम्मिलित हुए थे।

तत्पश्चात अधिवेशन में उपस्थित अधिवक्ताओं द्वारा सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पारित किए गए प्रथम प्रस्ताव सभी अधिवक्ताओं के लिए समग्र बीमा योजना लागू किया जाना तथा दितीय न्यायालयों में महिलाओं के लिये सुविधाओं की उपलब्धता एवं न्याय पालिका में उनके प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किये जाने जाना था।जो सर्वसम्मति से पारित किया गया।



इस पारित प्रस्ताव की प्रति अधिवक्ता परिषद जनपद बहराइच की इकाई के द्वारा कल जिला न्यायाधीश बहराइच श्री राजेश कुमार सिंह से मिलकर अधिवक्ता परिषद की प्रदेश मंत्री सु. रंजीता बाल्मीकि के नेतृत्व में भेंट किया गया। इन प्रस्तावों की प्रतियां जनपद के समस्त माननीय न्यायाधीशगणों एवं जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराते हुवे अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के द्वारा विद्वान अधिवक्ताओं की मनसा व्यक्त की गई।

## सूचना पर पहुंची पी आर वी टीम पर हमला

बल्दीराय-सुल्तानपुर। तहसील बल्दीराय के पीआरवी जवानों पर उस वक्त हमला कर दिया गया जब पुलिस टीम मामले का निपटारा कराने सूचना पर पहुंची थी। इस मामले में महिला समेत कुल छह लोंगों पर नामजद केस दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि धनपतगंज थाना क्षेत्र के पियारी का पुरवा गांव मजरे वरसांवा में पुलिस टीम से मारपीट का आरोप,सरकारी कार्य में बाधा डालने,गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस टीम पीआरवी 6686 सूचना पर विवाद सुलझाने पहुंची थी,तभी आरोपियों ने हंगामा करते हुए पुलिस टीम पर हमला कर दिया और पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले में पुलिस ने जिमरातन,कज्जन,मुमताज,फुरकान,इरफान समेत एक अन्य पर एफआईआर दर्ज कर खोजबीन कर रही है। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश पुलिस दबिश दे रही है। धनपतगंज पुलिस का कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सभी आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# चौथे बड़े मंगल पर समाजसेवी ने कराया विराट भंडारा



## विश्व कल्याण की कामना के साथ जगह-जगह हुआ पूजन-अर्चन

**अयोध्या।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के शुभ अवसर पर रामनगरी अयोध्या में समाजसेवा और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव के नेतृत्व में अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विराट भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया।

समाजसेवी संस्था की ओर से दर्शननगर स्थित हनुमान मंदिर से भंडारे की शुरुआत की गई। इसके बाद अयोध्या विधानसभा के बूथ नंबर चार, कुड़ा केशवपुर, नाका फैजाबाद, ब्रह्मकुंड, गुरुद्वारा, कंधरापुर और पराखान, बड़का पुरवा तिहुरा माँझा समेत कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। दिनभर चले आयोजन में स्थानीय लोगों और भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी इसी कड़ी में चाणक्य परिषद की ओर से जिला अध्यक्ष सदैव मिश्रा के नेतृत्व में भी विराट भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुरेश यादव शामिल हुए। यहां उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मौजूद लोगों ने धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का संकल्प लिया इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व श्रद्धा, सेवा और जनकल्याण का संदेश देता है। इस बार बड़े मंगल के साथ अधिक मास और गंगा दशहरा का विशेष संयोग होने से दिन का महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम की पावन धरती पर लोगों की सेवा और धार्मिक आयोजनों से जुड़ना संस्था के लिए सौभाग्य की बात है सुरेश यादव की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की। लोगों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी सुरेश यादव लगातार सक्रिय रहते हैं। जरूरतमंदों की मदद हो या सामाजिक कार्यक्रम, उनकी सहभागिता हमेशा देखने को मिलती है। चौथे बड़े मंगल पर किए गए इस विराट आयोजन से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

# श्री श्याम सेवा मण्डल ने बड़े मंगल पर किया भण्डारा



**अयोध्या।** श्री श्याम सेवा मण्डल द्वारा जेठ के चतुर्थ बड़े मंगल के उपलक्ष्य में फतेहगंज चौराहा पर श्री श्याम सेवा मण्डल अयोध्या द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया।

मण्डल के अध्यक्ष बृज किशोर गोयल ने बताया की यह भंडारा पूर्व कि तरह पहले से चला आ रहा हैं करोना काल में यह भंडारा नहीं चल पाया था लेकिन उसके बाद बीते वर्षो से यह भंडारा भली भाती चल रहा हैं। भंडारा में आम का पाना, कड़ी -चावल, जूस, कचोरी सब्जी, आदि का वितरण किया गया।

भंडारा में संरक्षक श्री निवास अग्रवाल, महामंत्री रवि डालमिया, दीपक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल संजय मित्तल, रितेश गोयल ,नीरज सिंघल, कुश मित्तल, प्रसन्न खंडेलवाल, पवन सिंघल, हिमांशु गोयल, शरद जायसवाल, निशांत गोयल, अनूप सिंघल, महेश भोपालपुरिया, विपिन सिंघल,हेमंत खंडेलवाल , सुमित अग्रवाल, अमित गोयल, अनिकेश जायसवाल, जुगल किशोर, वासुदेव चौधरी, राजेश अग्रवाल,अभिनव अग्रवाल,संचित कानोडिया, राजेश बंसल, अनिल मित्तल, आदि लोग मौजूद रहें।

# ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार पर राजकीय श्रीराम हॉस्पिटल में हुआ विशाल भंडारा



**अयोध्या।** जेठ माह के चौथे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर राजकीय श्रीराम हॉस्पिटल अयोध्या के मुख्य गेट पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ प्राप्त किया।

इस भंडारे का शुभारंभ श्री राम बल्लभाकुंज मंदिर के अधिकारी राजकुमारदास जी महराज एवं डांडिया मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री गिरीश दास जी महराज ने प्रसाद वितरण कर किया। इस अवसर पर गोसाईगंज के लोकप्रिय विधायक अभय सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों द्वारा विधायक अभय सिंह का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.के. वर्मा भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि विधायक अभय सिंह ने कहा कि जेठ माह का बड़ा मंगलवार अत्यंत पवित्र और धार्मिक महत्व का दिन होता है। इस दिन दान-पुण्य एवं सेवा कार्य करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि राजकीय श्री राम हॉस्पिटल परिवार द्वारा आयोजित यह भंडारा समाज सेवा और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद प्राप्त हो रहा है, जो अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने आयोजन समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के आयोजक एवं राजकीय श्री राम हॉस्पिटल अयोध्या के प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जेठ माह के बड़े मंगलवार पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी चौथे मंगलवार के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी लोगों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि जब तक वह यहां कार्यरत रहेंगे, तब तक यह भंडारा निरंतर आयोजित होता रहेगा।

वाईपी सिंह ने सभी देशवासियों को जेठ माह के चौथे बड़े मंगलवार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजकीय श्री राम हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सुन्दर कांड के बाद विशाल भंडारे का आयोजन

**रानीबाजार, अयोध्या।** क्षेत्र के अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग रिंग रोड कार्य दायी संस्था ओ एस एस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में ज्येष्ठ मास के चतुर्थ मंगलवार को सुन्दर कांड पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे का आयोजन संस्था के अभय मिश्रा ,हरिओम कौशिक, व प्रवेश सिंह , राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया तथा भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रभात नगर शाहगंज मार्ग स्थित भाभाँ चौराहा पर ग्रामीणों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में ग्राम प्रधान नरेंद्र यादव ,राजेंद्र प्रजापति ,राम अभिलाख यादव व ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे सोनरा का शिवाला उसुरू अमोना के मजरे खोजनपुर में विशाल भंडारे का आयोजन राहुल चौहान ,उमानाथ दुबे, दुर्गेश कुमार,फूलचंद ,रजत चौहान के नेतृत्व में संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के सैकडो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं पर विधायक का सख्त रुख, अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश

## सर्किट हाउस में नगर आयुक्त व विद्युत विभाग के अधिकारियां संग किया बैठक

### जनता से जुड़ी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : वेदप्रकाश गुप्ता



**अयोध्या।** विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने शहर की विभिन्न जनसमस्याओं, नगर निगम की कार्यप्रणाली और विद्युत व्यवस्था को लेकर अधिकारियों पर कड़ा रुख अपनाया है। सर्किट हाउस में नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार एवं मुख्य अभियन्ता विद्युत वितरण खंड अयोध्या मंडल के साथ हुई बैठकों में विधायक ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही, उदासीनता, निरंकुशता और संवेदनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

नगर आयुक्त के साथ हुई बैठक में विधायक ने प्रवर्तन दल की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति और उपस्थिति के किसी भी प्रकार की कार्रवाई न की जाए। विधायक ने कहा कि प्रवर्तन दल द्वारा जनता से दुर्व्यवहार, अनावश्यक कठोरता और निरंकुशता की लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिससे आमजन में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतें सही पाई गईं तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

विधायक ने बरसात से पूर्व शहर के सभी नालों एवं नालियों की विशेष सफाई अभियान चलाकर समयबद्ध तरीके से सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला अस्पताल, जिला अस्पताल तथा प्रमुख बाजारों के आसपास गंदगी और जलभराव की समस्या पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। इसके साथ ही खराब पेयजल कियोस्क मशीनों को शीघ्र ठीक कराने, गुप्तार घाट एवं सूर्यकुंड की नियमित सफाई, पार्कों के रखरखाव, मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण और निराश्रित पशुओं के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

विधायक ने जल निगम द्वारा चल रहे सीवर पाइप लाइन एवं सड़क निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर भी असंतोष जताया और अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पटरी दुकानदारों के लिए व्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित करने तथा हेल्थ एटीएम की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को भी कहा।

इसके बाद बिजली विभाग की समीक्षा बैठक में विधायक ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौरान अघोषित कटौती, लो-वोल्टेज, जर्जर तार, ओवरलोड ट्रांसफार्मर और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही से आमजन भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। रोस्टर उल्लंघन अथवा अनावश्यक कटौती की स्थिति में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर कठोर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

विधायक ने जर्जर एवं झूलते तारों को तत्काल बदलने, क्षतिग्रस्त पोलों की मरम्मत, खराब ट्रांसफार्मरों को तय समयसीमा में बदलने तथा ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि विभागीय लापरवाही से कोई दुर्घटना होती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।

उन्होंने लोकल फाल्ट का तत्काल निस्तारण करने, कंट्रोल रूम को पूरी तरह सक्रिय रखने, लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान कराने तथा बरसात से पहले विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। विधायक ने कहा कि उपभोक्ताओं के साथ अनावश्यक कठोरता न बरती जाए और बकाया बिलों के मामलों में किस्तों के माध्यम से भुगतान की सुविधा दी जाए। वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जनता से जुड़ी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य करें, अन्यथा कठोर प्रशासनिक कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**अंबेडकरनगर।** श्रीमती रमा पांडे मेमोरियल हॉस्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेंटर बिरसिंहपुर सरैया सया अंबेडकर नगर में निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संगोष्ठी के आयोजक एमएलसी अयोध्या, अंबेडकर नगर डॉ. हरिओम पांडे रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ईशा प्रिया अंबेडकर नगर की गरिमा मय उपस्थिति रही। इस अवसर पर सिंचाई बंधु उपाध्यक्ष एवं नि. मंडल अध्यक्ष दिलीप तिवारी, पूर्व मंडल संयोजक राहुल तिवारी, लल्लन मौर्य, विश्वनाथ तिवारी, सभासद अतुल वर्मा, दीपक दुबे आदि उपस्थित रहे।अंबेडकर नगर में निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संगोष्ठी के आयोजक एमएलसी डॉ, हरिओम पांडेय रहे।

# गंगा दशहरा पर 11 गोवंशों को माला पहनाकर किसानों को किया सुपुर्द



**अंबेडकरनगर।** भीटी अंबेडकर नगर मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अंतर्गत गंगा, दशहरा के शुभ अवसर पर विशेष गोवंश सुपुर्दगी अभियान के अंतर्गत जैतपुर खास एवं, बिलोलपुर गौशाला पर मुख्य अतिथि रानेश पाण्डेय मंडल अध्यक्ष भाजपा खजुरी ने 11 गोवंशों को लाभार्थी किसानों के सुपुर्द करवाया। रानेश पाण्डेय ने गोवंशों को माला पहनाकर, गुड़, केला खिला कर लाभार्थियों के सुपुर्द किया। साथ ही लाभार्थियों को माला पहनाकर सम्मानित करते हुए कहा कि गौ सेवा करना हम सबका परम् कर्तव्य है। साथ ही मानव जीवन स्वस्थ एवं समृद्धिशाली होता है। उक्त अवसर पर भीटी विकासखंड के विकास खण्ड अधिकारी हौंसला प्रसाद, डॉक्टर विपिन कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी भीटी, सी. डी. पी. ओ. भीटी फूलचंद, रामहेत प्रधान जैतपुर खास, अनिल यादव, प्रधान विलोल पुर, मयंक चतुर्वेदी ग्राम विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डेयरी पर दूध देने गए व्यक्ति का घर से 500 मीटर दूर शव मिलने से मचा हड़कंप

**अम्बेडकर नगर।** थाना महरुआ क्षेत्र के ग्राम (सरैया)जलालपुर सेहरा में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक व्यक्ति का लहू लुहान शव घर से महज 500 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे पड़ा मिला। मृतक की पहचान अजय (पुत्र स्वर्गीय रामनिहोर) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर जिले के आला अधिकारियों सहित भारी पुलिस बल ने पहुंचकर मुआयना किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मूल रूप से बैजपुर, ईटाहिया (श्रवण क्षेत्र) के रहने वाले अजय तीन भाइयों में से एक थे, और उन्हें सेहरा जलालपुर (सरैया) में निवासा की जमीन मिलने के बाद वे यहीं मकान बनाकर रह रहे थे। वे रोज की तरह रविवार (24 मई) की शाम करीब 7 बजे साइकिल से डेयरी पर दूध देने निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। सोमवार सुबह करीब 5.30 बजे ग्रामीणों ने सड़क पर उनका शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। ईंट से सिर कुचलकर हत्या की आशंका, उठे कई सवाल, प्रथमदृष्टया देखने से प्रतीत होता है, कि अजय के सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ वार कर उनकी बेरहमी से हत्या की गई है। जहां आंसपास ईंट भी मिले, घटनास्थल पर खून के गहरे निशान साफ देखे जा सकते हैं।

इस घटना ने गांव की सुरक्षा और सतर्कता पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक की साइकिल बीच सड़क पर इस तरह पड़ी थी, कि वहां से किसी का भी गुजरना नामुमकिन था। ऐसे में यह बड़ा सवाल है, कि रविवार शाम 7 बजे से लेकर सोमवार सुबह तक क्या उस रास्ते से गांव का कोई व्यक्ति अंदर या बाहर नहीं आया। परिजनों के मुताबिक, रविवार रात घर के सभी लोग एक निमंत्रण (शादी/समारोह) में गए थे और देर रात दूसरे रास्ते से घर लौटे। अजय के घर न लौटने पर भी किसी ने रात में उनकी खोजबीन नहीं की।शराबियों का अड्डा बना है। घटनास्थल का सुनसान रास्ता

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जिस सुनसान रास्ते पर इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया, वह शराबियों का प्रमुख अड्डा है। शाम ढलते ही एकांत पाकर शराबी वहां महफिल जमाते हैं। शराबियों के इसी आतंक और खौफ के कारण परिजन रात के समय उस सुनसान रास्ते की तरफ अजय को ढूंढने भी नहीं गए, एसपी प्राची सिंह ने संभाला मोर्चा, खुलासे के लिए कई टीमें गठित घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए महरुआ थानाध्यक्ष महेंद्र सरोज के साथ ही भीटी और अहिरौली थाने की पुलिस फोर्स तुरंत मौके पर पहुंची। इसके बाद भीटी क्षेत्राधिकारी (सीओ) लक्ष्मीकांत मिश्रा और जनपद की पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्राची सिंह ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। एसपी प्राची सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मामले की गहनता से जांच की जाए और हत्यारों को जल्द से जल्द बेनकाब कर सलाखों के पीछे भेजा जाए। त्वरित जांच के लिए फोरेंसिक टीम, सर्विलांस और एसओजी की टीमों को भी काम पर लगा दिया गया है। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, मृतक की पत्नी तारा देबी की तहरीर के आधार पर महरुआ थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। फिलहाल, इस सनसनीखेज हत्याकांड के पीछे की असली वजह क्या है, इसका खुलासा पुलिस की जांच के बाद ही साफ हो पाएगा। पूरे इलाके की निगाहें अब पुलिसिया कार्रवाई पर टिकी हैं।

# गब्बर के नेतृत्व में सड़क पर उतरे सपाई, बिजली कटौती समेत कई जनकल्याणकारी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

## अनियमित विद्युत आपूर्ति से आमजन, व्यापारी, छात्र एवं किसान सभी परेशान : हाजी फिरोज




**अयोध्या।** बदहाल विद्युत व्यवस्था, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम, पेपर लीक, कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गैस सिलेंडर की किल्लत एवं उर्वरक की समस्या के समाधान हेतु बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के लोगों ने जनता के साथ सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार समाजवादी पार्टी के लोग बड़ी संख्या में सोहावल तहसील मार्ग पर पैदल मार्च निकालते हुए सोहावल तहसील प्रांगण की और बढ़ रहे थे, भारी पुलिस बल के साथ पहुंची उप जिलाधिकारी सोहावल सविता राजपूत ने खुद रास्ते में आकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित 9 सूत्रीय मांग का ज्ञापन प्राप्त किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रही, प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं की संख्या चर्चा का विषय रही, लोगों के हाथों में समाजवादी पार्टी के झंडे के साथ-साथ विभिन्न जन समस्याओं से जुड़े नारों की तख्तियां और प्रतीकात्मक गैस सिलेंडर महंगाई को दर्शा रहा था।

इस मौके पर हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण आमजन, व्यापारी, छात्र एवं किसान सभी परेशान हैं। डीजल-पेट्रोल के लगातार बढ़ते दामों ने परिवहन, खेती एवं रोजमर्रा की वस्तुओं के मूल्य में अत्यधिक वृद्धि कर दी है, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग का जीवन संकट में पड़ गया है, घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों एवं उपलब्धता की समस्या ने महिलाओं एवं गरीब परिवारों की कठिनाइयों को और बढ़ा दिया है। वहीं किसानों को समय पर खाद एवं उर्वरक न मिलने से खेती प्रभावित हो रही है तथा किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप कृष्ण कुमार पटेल, बलराम मौर्य, छोटे लाल यादव, एजाज अहमद, जय सिंह यादव, अजय कुमार वर्मा, डॉ राम सुमेर भारती,अजय रावत,हरिशंकर यादव छोटू,सदस्य सूरज यादव, सरोज यादव, रीता निषाद, नरेंद्र यादव, अवधेश गोस्वामी, शरद पासवान, राम बरन निषाद, राकेश यादव, राम सिंह मास्टर, बुधराम यादव, जगजीवन पटेल, अमृत लाल वर्मा, श्री प्रकाश वर्मा, रामानंद निषाद, चंद्र प्रकाश यादव, अशोक यादव, अनंत राम यादव, बाबुल सिंह, सतीश यादव, अशोक चौधरी, सूरज निषाद, सभासाद अबरार अहमद, दिनेश चौधरी, सफीक अहमद, किसान नेता फरीद अहमद, संतराम रावत, डीके खान, खालिद खान, एहसात खान, दयाशंकर भारती, अरविंद यादव, प्रधान मनोज यादव, राम प्रसन्न, रंजीत रावत, सुल्तान खान, मनोज कुमार पासी, प्रधान खुर्शीद खान, प्रधान मुकेश कुमार, प्रधान नकछेद रावत, सुभाम यादव, मोहम्मद अयान, निज़ाम खान, नफीस खान, अनुभव प्रजापति, राजा सिंह, मनोज पांडेय, दिलीप वर्मा, राकेश वर्मा, अनमोल शर्मा, राज कुमार निषाद, विपिन यादव, दीपक यादव, तेज बहादुर यादव, कृष्ण कुमार निषाद, इज़हार खान, अलीम खान, दूध नाथ यादव, ज्योति सोरूप वर्मा, दिवाकर कनोजिया, पप्पू पासी, दयानन्द पासी, आमिर खान, अरविन्द बीडीसी, शेर खान, पूजा वर्मा, अनवर भाई, सुरेश कोरी, ज़हूर मामा, बुल्ले अन्सारी, पूर्व प्रधान मेराज खान, शोएब खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सपा नेता गब्बर द्वारा राज्यपाल को संबोधित भेजें गए ज्ञापन में विद्युत व्यवस्था में तत्काल सुधार कर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, डीजल-पेट्रोल एवं घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की जाए, पेपर लीक की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई कर पारदर्शी परीक्षाएं सुनिश्चित की जाए, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं, आवश्यक वस्तुओं की महंगाई पर नियंत्रण किया जाए, किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए सोहावल चौराहा पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्तिथि पुल सकरा होने के कारण प्रत्येक दिन जाम की समस्या बनी रहती है, जाम से निवारण हेतु स्थाई उपाय किया जाए राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर स्थित सोहावल चौराहे से लेकर थाना रौनाही तक नाले का निर्माण न होने के कारण जल भराव रहता है, निवारण हेतु स्थाई उपाय किया जाए खेतौनी में अंश निर्धारण हेतु आम जनता को बार-बार तहसील का चक्कर लगाना पड़ रहा है, गांव स्तर पर कैंप लगाकर आम लोगों के लिए आसानी उपलब्ध करायी जाए आदि मांगे शामिल हैं।

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय सदर अयोध्या

दाखिल खारिज वाद सं-9830/20
आर.एस.टी.नं.-1682
ता0 पेशी0 10.06.26
राम बहोर.........................प्रार्थी
बनाम
गुड्डन...................विपक्षी

बनाम- रामप्रसाद पुत्र पीताम्बर निवासी ग्राम भगवाभीट परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या...........विपक्षी

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 06 के 10 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 05 के 22 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान सिविल जज हवेली जू.डि. अयोध्या द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

अ. प्र. वाद सं.- 36/26
तारीख पेशी - 07.07.26

प्रियव्रत चतुर्वेदी पुत्र स्व. बद्री प्रसाद निवासी ग्राम मेड़ई का पुरवा मौजा व पोस्ट सरियावां परगना मंगलसी तहसील सोहावल जिला अयोध्या........................ प्रार्थी
बनाम
सरकार.....................विपक्षी
प्रकाशन हर आम व खास

चूंकि प्रार्थी ने अपने मृतक पुष्पा देवी पत्नी प्रियव्रत चतुर्वेदी को देय ऋणों एवं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की अभिप्राप्ति के लिए प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा- 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम संख्या 39 सन् 1925 ई० में आवेदन किया है।

चूंकि श्री प्रार्थी उपरोक्त ने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन किया है और वर्ष 2026 के माह 07 के दिवस 07 को आवेदन की सुनवाई के लिए तिथि निश्चित की गयी है।

अत: यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा सिविल जज हवेली जू.डि. फैजाबाद के न्यायालय में दिनांक 07.07.26 को अपरान्ह 10.30 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना-पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 21.05.26 ई. को मेरे द्वारा हस्ताक्षरित तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान तृतीय सिविल जज सी.डि. अयोध्या

मूलवाद सं-282/24
ता0 पेशी0 29.05.26
मोहिद अहमद.............. वादी
बनाम
पवन कुमार आदि.... प्रतिवादीगण

बनाम-1.पवन कुमार पुत्र लल्लन निवासी रजानगर पोस्ट जरायल कला परगना व तहसील रुदौली अयोध्या 2. शकील अहमद पुत्र इश्तियाक अहमद निवासी ग्राम अरजनीपुर मजरे सिठौली पोस्ट पटरंगा परगना व तहसील रुदौली अयोध्या 3.मो. तकसीर पुत्र स्व. मो. तौहीद निवासी ग्राम पुरेकाजी मजरे बाबूपुर पोस्ट हुनहुना परगना बसौढ़ी, तहसील रुदौली जनपद अयोध्या......... प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 05 के 29 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 05 के 25 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# तालाब में नहाने गये अधेड़ की डूबने से मौत, परिजन में कोहराम

**मड़ियाहूं।** स्थानीय तहसील क्षेत्र से एक दर्दनाक खबर सामने आई है जहां तालाब में नहाने गये एक अधेड़ की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है। बताया गया कि नेवढ़िया थाना क्षेत्र के रसूलहा गांव स्थित भागवती कन्या विद्यालय के बगल में बने तालाब में सोमवार को वाराणसी जनपद के सिंधोरा गांव निवासी राजू बनवासी नहाने के लिए उतरे थे। इसी दौरान उन्होंने तालाब में छलांग लगायी लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं निकले। कुछ समय बाद आसपास मौजूद लोगों की नजर पड़ी तो व्यक्ति दिखाई नहीं दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने तालाब में खोजबीन शुरू करते हुये पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नेवढ़िया पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से तालाब से व्यक्ति को बाहर निकालकर तत्काल रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचायी जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि मृतक पिछले करीब 20 वर्षों से अपने ससुराल रसूलहा गांव में रह रहा था। उसके दो बेटे हैं और दोनों का विवाह हो चुका है। घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. ने घटना की पुष्टि की है। वहीं नेवढ़िया थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अंबेडकर प्रतिमा पर भगवा गमछा पर बवाल

**जौनपुर।** शहर के दीवानी तिराहे पर स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ एक बार फिर अराजक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह प्रतिमा पर खाकी टोपी पहनाए जाने तथा गले में भगवा गमछा डाले जाने की जानकारी मिलते ही लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे और विरोध जताने लगे। घटना की सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल प्रतिमा से टोपी और गमछा हटवाया तथा लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। काफी देर तक मौके पर तनावपूर्ण माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस की सक्रियता से मामला बढ़ने नहीं पाया। लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी इसी प्रतिमा पर अराजक तत्वों द्वारा कालिख पोत दी गई थी, जिसके बाद जनाक्रोश फैल गया था। उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर प्रतिमा की सफाई की थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सीओ सिटी ने बताया कि तिराहे पर लगे सीसीटीवी में अराजकतत्व कैद हुआ है, उसकी पहचान करके जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## विधवा की भूमि पर कब्जे के प्रयास में तीन पर मुकदमा

**खुटहन।** खुटहन गांव की एक विधवा महिला की भूमि पर अवैध कब्जा करने तथा विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के आदेश पर की गई। गांव निवासी पियारी देवी पत्नी स्व बिरंताते ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह अनुसूचित जाति की गरीब विधवा महिला हैं और उनकी भूमि पर गांव के ही राजेश, आकाश तथा विकास जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। आरोप है कि अपने पट्टे की आड़ में आरोपी उनकी जमीन पर निर्माण कराने की फिराक में है। पीड़िता के अनुसार 16 मई को जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने भद्दी गालियां देते हुए कुल्हाड़ी और लाठी-डंडा लेकर उन्हें दौड़ा लिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर मामला शांत हुआ। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अशोक हॉस्पिटल में विशाल नि:शुल्क सर्जरी कैंप में दर्जनों मरीज लाभान्वित



अशोक हॉस्पिटल में नि:शुल्क सर्जरी कैंप में महिला मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

**जौनपुर।** जफराबाद थाना के निकट महरूपुर स्थित अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से लैस अशोक हॉस्पिटल में विशाल नि:शुल्क सर्जरी कैम्प चार दिवसीय 22 से 25 मई तक आयोजित की गई जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से आए सैकड़ों मरीज ने कैंप में पहुंचकर लाभान्वित हुए। नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ हॉस्पिटल के सीएमडी देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस हॉस्पिटल पर चिकित्सकीय परामर्श नि:शुल्क है। सिर्फ दवा, इम्प्लांट एवं जाँच का जरूरी पैसा लगता है और विभिन्न तरह के उपचार अलग-अलग रोगों के स्पेशलिस्ट द्वारा किया जाएगा। इसी क्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉ. श्वेता सिंह एवं डॉ. तान्या पाण्डेय, डॉ. भव्या सिंह, गर्भाशय निकालने का ऑपरेशन (हिस्टेरेक्टॉमी) सीजेरियन डिलीवरी (सी-सेक्शन) अंडाशय की गांठ का ऑपरेशन बच्चेदानी की गांठ (फाइब्रॉइड) का ऑपरेशन, ओवरी सिस्ट सर्जरी, महिला मूत्र असंयम सर्जरी का इलाज किया जा रहा है। वहीं जनरल सर्जरी विभाग से डॉ. अरुण सिंह अपेंडिक्स की सर्जरी, हर्निया की सर्जरी, पित्त की थैली की सर्जरी, बवासीर की सर्जरी, फिशर की सर्जरी, फिस्टुला की सर्जरी, थायरॉइड की सर्जरी, स्तन की गांठ की सर्जरी, आंतों की सर्जरी गांठ निकालने की सर्जरी भी की जाएगी। कैंप में हड्डी रोग विभाग कान, नाक, गला रोग विभाग से संबंधित रोगों का इलाज कराया जा सकता है इसके लिए ख्यातिलब्ध डॉ. आशीष सिंघानिया, डॉ. अजय सिंह, डॉ. राजेश कुमार सिंह हड्डी टूटने का ऑपरेशन (फ्रैक्चर सर्जरी) घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी, कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी, स्लिपडिस्क का ऑपरेशन, लिगामेंट सर्जरी ( ACL/PCL) बोन ट्यूमर सर्जरी, बच्चों की हड्डी संबंधी सर्जरी ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा सर्जरी, मूत्र रोग विभाग, डॉ. हिमांशु सिंह, किडनी स्टोन सर्जरी, पेशाब की नली की सर्जरी, हाइड्रोसील का ऑपरेशन, पुरुष नसबंदी ऑपरेशन, मूत्राशय ट्यूमर सर्जरी, प्रोस्टेट कैंसर सर्जरी, कैम्प में सर्जरी कराने हेतु मरीज पंजीकरण के लिए संपर्क कर सकते हैं। डॉ. ए.पी. यादव टॉन्सिल का ऑपरेशन (टॉन्सिलेक्टॉमी) नाक की हड्डी का ऑपरेशन, साइनस सर्जरी, कान के पर्दे का ऑपरेशन, कान की सर्जरी (मास्टॉइड सर्जरी), सुनने की क्षमता सुधार सर्जरी, नाक की गांठ / पॉलिप सर्जरी गले की सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी, आवाज संबंधी सर्जरी नाक बंद होने की सर्जरी की जाएगी। अस्पताल के सीएमडी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह जिले का पहला हॉस्पिटल है जहां नियमित दिनों में मात्र 20 में रोगी संबंधित डॉक्टर से परामर्श ले सकता है। इस दौरान हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भूमि विवाद में पड़ोसियों ने पिता-पुत्री को लाठी डंडों से पीटा

**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के हसनपुर जमुवा गांव में भूमि विवाद में पिता पुत्री को पड़ोसियों ने लाठी डंडा से मार-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी सोमनाथ यादव उम्र लगभग 45 वर्ष शिवानी उम्र लगभग 17 वर्ष रविवार तीसरे पहर लगभग 4:30 बजे पिता पुत्री खेत में काम कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी चार-पांच की संख्या में आए और जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडा से पिता-पुत्री को मारपीटकर घायल कर दिया। यह भी बताया गया कि दयाशंकर यादव का खेत विरोधी पड़ोसी से एकदम सटा हुआ है और वह उस खेत पर अपना होने का दावा करता है। दयाशंकर ने पड़ोसियों से बहुत बार कहा कि तुम माप करवा लो यह जमीन हमारी है लेकिन वह लोग कुछ नहीं समझते आए दिन विवाद करते रहते हैं पड़ोसी कुछ दबंग किसम के हैं उनको किसी डर नहीं है कहते हैं जो करना हो कर लो कोई मेरा कुछ भी नहीं कर पाएगा। कुछ आरोपी पुलिस हिरासत में है और बाकी फरार है। पिता-पुत्री ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई हैं।

## योगी सरकार की धज्जियां उड़ा रहे विद्युत विभाग के अधिकारी

**जौनपुर।** शाहगंज पावर हाउस के अन्तर्गत खेतासराय सब स्टेशन के अंतर्गत पनौली ग्रामसभा में विगत 10 दिन से ट्रांसफार्मर जला हुआ हैं। लगतार शिकायत ऑनलाइन जिलाधिकारी एवं लखनऊ शिकायत किया जा रहा हैं। 24 से 48 घंटे में ट्रांसफार्मर लगा दिए जाने आश्वासन दिया जा रहा हैं। जब कि 250 घंटे से अधिक हो गया जिम्मेदार मौन हैं जब बीते कल मुझे फोन पर बिजलीकर्मी द्वारा बताया गया कि आज शाम तक आपके यहाँ ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। पीआर बन चुका है वहीं प्रधान बता रहे है कि पीआर उससे एक दिन पहले बन चुका है जहां तक मुझे जानकारी है कि पीआर बनने 24 घंटे तक ट्रांसफार्मर लगा दिया जाता है। प्रधान के अनुसार लगभग 50 घंटे से ज्यादा हो गए है और अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं आया है ये कहीं न कहीं विद्युत अधिकारियों की मनमानी है जो खुद को जिलाधिकारी समझ रहे हैं। इस भीषण गर्मी में गांव की जनता के साथ पशु पक्षी भी बेहाल है। किसानों की फसल भी सूख चुकी है। पूरा गांव अंधकारमय हो चुका है जहां सरकार एक तरफ दावा करती है कि हम 24 घंटे बिजली दे रहे हैं वहीं पनौली गांव लगभग 250 घंटे से अंधकारमय हैं। जिम्मेदार ऐसी का मजा ले रहे है। नेता मंत्री अधिकारी मस्त है। जनता त्रस्त हैं शिकायत कर्ता विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जब जेई को या एसडीओ को फोन लगाते है बेल जाती है फोन नहीं उठता है। इस प्रकार सरकार की धज्जियां उड़ाने वाले अधिकारियों के दंडात्मक कार्यवाही करनी चाहिए। समाचार के माध्यम से जिलाधिकारी की ध्यान आकृष्ट कराया मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करें जिससे आम जनमानस का भला हो।

## पीड़ित परिवार से मिले करणी सेना अध्यक्ष

**खेतासराय।** जनपद के चर्चित दूल्हा आजाद बिंद हत्याकांड को लेकर रविवार देर रात राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने स्वजनों को ढांढ़स बंधाते हुए हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। साथ ही प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ शीघ्र और कठोर कार्रवाई की मांग की। वीर प्रताप सिंह ने मृतक की बहन सौम्या बिंद से मुलाकात कर उनकी पीड़ा सुनी और मुख्यमंत्री के ओएसडी से फोन पर बात कराकर उन्हें मिलने के लिए भेजा। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि निषाद समाज भाजपा का कोर वोटर माना जाता है, ऐसे में इससे अधिक दुखद क्या हो सकता है कि कोई युवक अपनी बारात लेकर जा रहा हो और हत्यारे उसकी अंतिम यात्रा निकाल दें। उन्होंने कहा कि इस घटना ने परिवार की सारी खुशियां छीन लीं और यह अपराध की एक्सट्रीम लेवल की घटना है। उन्होंने पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस पूरे मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली भी कटघरे में है। उन्होंने कहा कि परिवार खासकर बहन सौम्या का अपने भाई के प्रति समर्पण देखकर वह भावुक हो गए। करणी सेना पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ एनकाउंटर की भी मांग करती है। इस दौरान दारा सिंह, सुनील, राजेश समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर किया प्रदर्शन

**मछलीशहर।** मंहगाई, भ्रष्टाचार एवं नीट एवं अन्य परीक्षा में धांधली सहित कई मुद्दों को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तहसील में धरना प्रदर्शन किया। अपनी मागों से संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव को सौंपा। इस अवसर में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के शासन में देश और प्रदेश में लूट मची है। विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक होने से नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। डीजल, पेट्रोल, गैस की लगातार बढ़ती कीमतों से मंहगाई चरम पर पहुंच चुकी है। अघोषित विद्युत कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त है। प्रदेश, जिले, तहसील में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर सरकार का अंकुश नहीं है। बढ़ते अपराध के कारण आम जन असुरक्षित महसूस कर रहा है। भाजपा सरकार हर मुद्दे पर असफल है,सपा ही एक मात्र विकल्प है। इस अवसर पर विवेक यादव जिला महासचिव लोहिया वाहिनी के नेतृत्व में, पवन यादव अध्यक्ष युवजन सभा, रोहित यादव, प्रकाश सिंह, राहुल यादव योगेंद्र यादव, मुलायम यादव, कमलेश सरोज, रवि यादव, राइडर आदि उपस्थित रहे।

# विद्युत करंट से मौत पर पांच लाख रुपए क्षतिपूर्ति का आदेश

**जौनपुर।** बदलापुर थाना क्षेत्र निवासी सत्यम की ट्रैक्टर से जाते समय पोल से लटक रहे विद्युत तैयार की चपेट में आने से मौत के मामले में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता,सदस्य विजय शंकर श्रीवास्तव व रजनी सिंह ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय को आदेश दिया कि याचीगण को 5 लाख रुपए क्षतिपूर्ति 2 माह के अंदर 7त्न वार्षिक ब्याज की दर से अदा करें।

बता दें कि सत्यभामा सिंह व उनके पति रूपेश कुमार सिंह निवासी पूरा मुकुंद थाना बादलपुर ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय तथा उत्तर प्रदेश सरकार जरिए जिलाधिकारी के विरुद्ध स्थाई लोक अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया कि 15 जून 2022 को याचीगण का पुत्र सत्यम ट्रैक्टर से खेत में खाद डालने के लिए जा रहा था। घर के पीछे रामपुर संपर्क मार्ग के बगल में मातादीन की आटा चक्की के पास 11,000 वोल्ट का तार पोल से ढीला होकर लटक रहा था जिसे हटाने की सूचना लाइनमैन को दी गई थी लेकिन विद्युत विभाग द्वारा तार हटाए नहीं गया। तार ट्रैक्टर से टच हो जाने के कारण उसमें करंट आ गया जिससे याचीगण का लड़का सत्यम करंट की चपेट में आ गया। उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह दुर्घटना विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण तार के लटकाने के कारण हुई थी। बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी तार सही नहीं किया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विद्युत विभाग की लापरवाही पाते हुए क्षतिपूर्ति का आदेश दिया।

# दूल्हे की मां ने कहा अभी घूम रहे चार आरोपी

**जौनपुर।** रवि यादव के मुठभेड़ में मारे जाने को लेकर दूल्हे की मां चारतारा ने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है और 25 दिन बाद पहला एनकाउंटर हुआ है। अभी दो नहीं, बल्कि चार-पांच आरोपी खुले घूम रहे हैं। एक आरोपी ने खुद सरेंडर कर दिया है, जबकि बाकी अब भी फरार हैं।

उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जो वादा किया गया है, उस पर खरा उतरे। ऐसा नहीं होना चाहिए कि एक आरोपी पर कार्रवाई कर बाकी को छोड़ दिया जाए। अगर अपराधी खुले घूमते रहेंगे तो अपराध बढ़ता रहेगा और जब तक सभी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक न्याय अधूरा रहेगा। कहा कि उन्होंने कल अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि सत्ता उनके हाथ में नहीं है, लेकिन जो भी संभव होगा, वह सहयोग करेंगे। उन्होंने डीजीपी से मिलने के लिए कहा और फोन पर बात भी कराई। इसके बाद परिवार डीजीपी से मिला और सभी सबूत व दस्तावेज सौंपे। डीजीपी ने भरोसा दिलाया कि कड़ी कार्रवाई होगी और डरने की जरूरत नहीं है।

# तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बरैछामोड़।** संपूर्ण पूर्वांचल इन दिनों भीषण हीट वेव की चपेट में है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि कई स्थानों पर विद्युत व्यवस्था भी जवाब देती नजर आ रही है। ऐसे कठिन समय में लोगों को प्रकृति द्वारा प्रदत्त वृक्षों की उपयोगिता एक बार फिर याद आने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी में राहगीरों और आम जनमानस को यदि कहीं राहत मिल रही है तो वह केवल पेड़ों की छाया से। एक वृक्ष न केवल शीतलता प्रदान करते हैं बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद विडंबना यह है कि इन वृक्षों के विनाश के पीछे स्वयं मानव की भूमिका सबसे अधिक रही है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आज मनुष्य अपने ही कुकर्मों का परिणाम हीट वेव के रूप में भुगत रहा है। पूर्वांचल में लगातार बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया है। खासकर सड़कों पर सफर करने वाले राहगीरों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में जितने भी हाईवे और चौड़ी सड़कें बनाई गईं, उनके किनारों पर लगे पुराने और विशाल वृक्षों को बेरहमी से काट दिया गया। पहले जहां सड़क किनारे पेड़ों की हरियाली और छाया यात्रियों को राहत देती थी, वहीं अब दूर-दूर तक केवल तपती सड़कें दिखाई देती हैं। इसका सीधा असर पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि आधी खेती, आधी बारी जैसी पुरानी कहावत आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। यदि समय रहते वृक्षों का संरक्षण और बड़े पैमाने पर पौधरोपण नहीं किया गया तो आने वाले समय में स्थिति और भयावह हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण के साथ-साथ बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाए तथा कटे हुए पेड़ों के स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## अचानक सीने में दर्द होने से ट्रक चालक की मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के भदोही मार्ग पर स्थित एक होटल में खाना खाने के बाद अचानक खराब हुई हालत के कारण उपचार के दौरान ट्रक ड्राइवर ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि बलिया जनपद सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बसिरखा गांव निवासी राजेश कुमार यादव उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्र विश्वनाथ यादव रविवार को भदोही रोड स्थित एक होटल पर 11:00 बजे दिन में भोजन किया था। तभी कुछ समय बाद सीने में दर्द की शिकायत के कारणउनकी हालत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

# पुरुषोत्तम मास के नवें दिन हुई सीता विवाह की कथा

**बक्शा।** स्थानीय विकास खण्ड में उमरछा गांव स्थित मृत्युञ्जय महादेव धाम में चल रहे पुरुषोत्तम मास के नवें दिन रविवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही सुबह पंडित अभिनव मिश्र के मार्गदर्शन में सामूहिक ओम नम: शिवाय मंत्र का जाप और बेलपत्र अर्पण किया गया।

इस जाप में मुख्य रूप से सूर्यनाथ शुक्ल, शिवमुनि, अरविंद सिंह, नरेंद्र सिंह, ज्योति शुक्ल और शिवानी सिंह ने सहभागिता रही। धाम में लोक कल्याण के लिए पंडित अभिनव मिश्र द्वारा प्रतिदिन शिव पुराण का पाठ और विशेष रुद्राभिषेक भी कराया जाता है। रामचरितमानस मास परायण के नवें दिन व्यासपीठ से पंडित श्रेय मिश्र ने अपने सहयोगियों कैलाश शुक्ल, हीरामणी उपाध्याय और रामसागर शुक्ल के साथ नवम विश्राम तक की कथा का संगीतमय रसपान कराया। इस कथा में प्रभु श्रीराम और माता सीता के विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और मृत्युञ्जय महादेव धाम के व्यवस्था प्रमुख सुशील कुमार उपाध्याय ने उपस्थित भक्त जनों से कहा कि, पुरुषोत्तम मास में भगवान शिव की आराधना और प्रभु श्री राम की कथा का श्रवण अनंत पुण्यों को देने वाला है। मृत्युञ्जय महादेव धाम में चल रहे इन धार्मिक अनुष्ठानों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुख, समृद्धि और लोक कल्याण की भावना को जागृत करना है। सनातन संस्कृति की यह अनमोल धरोहर हमारी युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आकर इस पुण्य लाभ को प्राप्त करने का आह्वान किया। इस पावन अवसर पर रमाशंकर उपाध्याय, प्रभाकर शुक्ल, लालप्रताप सिंह, सतीश कुमार उपाध्याय, ओमप्रकाश सिंह, राजन सिंह, प्रेम चंद्र शर्मा, पद्मा उपाध्याय, नीलम, सरोज सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया।

## रुक्मिणी विवाह प्रसंग से भावविभोर हुए श्रद्धालु

**खुटहन।** त्रिकौलिया गांव में सर्वे भवन्तु सुखिन की अवधारणा से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रारंभ से पूर्व मुख्य यजमान विजय बहादुर पुजारी के द्वारा अर्चन-पूजन के कथा का शुभारंभ किया गया। कथा व्यास पं. अखिलेश चन्द्र मिश्र ने महारास प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि महारास स्त्री-पुरुष का मिलन नहीं, बल्कि जीव का परमात्मा के चरणों में प्रेमपूर्ण समर्पण है। उन्होंने बताया कि गोपियों के अनन्य प्रेम के आगे उद्धव जैसे ज्ञानी भी नतमस्तक हो गए थे। रुक्मिणी विवाह प्रसंग में कथा व्यास ने कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा हैं और लक्ष्मीपति केवल भगवान नारायण हैं। इसलिए लक्ष्मी के प्रति मातृभाव रखना ही कल्याणकारी है। शिवम उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत मर्मस्पर्शी धार्मिक गीतों ने सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर डॉ. हौसिला प्रसाद द्विवेदी, पं. सत्य प्रकाश मिश्रा, चंद्रपाल यादव, बेचन पाण्डेय, ओमप्रकाश दूबे, जीतबहादुर यादव, बिपिन सिंह, हौसिला प्रसाद दूबे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मोहम्मद सैफ को किया सम्मानित

**मड़ियाहूं।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के चोरारी गांव स्थित मदरसा बैतूल उलूम में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर मुंशी मौलवी सेकेंडरी की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान व प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र मोहम्मद सैफ को सम्मानित किया गया। मदरसा के प्रधानाचार्य मोहम्मद शोएब ने सैफ को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए कहा कि सैफ की इस सफलता से मदरसे का ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। प्रबंधक असगर अली ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया। इस अवसर पर अध्यापक अबुल कासिम, मोहम्मद अहमद, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रीकला धनंजय सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**शाहगंज।** नगर के जैसीज चौराहे स्थित मंदिर परिसर में एजाज अली के सौजन्य से पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला धनंजय सिंह का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं तथा उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम में मौजूद जौनपुर प्रेस क्लब शाहगंज के अध्यक्ष चंदन कुमार जायसवाल सहित समर्थकों और शुभचिंतकों ने श्रीकला धनंजय सिंह के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन समारोह के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य लोग, युवा समर्थक, शाहगंज स्क्वायर क्लब एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूरे आयोजन का माहौल उत्सवमय बना रहा।

# अभिताश गुप्ता बने लायंस क्लब रॉयल के अध्यक्ष



लायंस क्लब रॉयल के कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**जौनपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की जनपद इकाई लायंस क्लब रॉयल का सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी का चुनाव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस सम्बन्ध में क्लब की एक आम सभा शनिवार को देर शाम नगर के एक होटल में क्लब अध्यक्ष संजीव साहू की अध्यक्षता में हुई। सभी का स्वागत करते हुए क्लब अध्यक्ष संजीव साहू ने पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श कर आगे की रूपरेखा तय किया। इसके उपरांत नये सत्र के अध्यक्ष हेतु चुनाव अधिकारी पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने प्रथम उपाध्यक्ष का नाम सदन में पेश किया जिसका अनुमोदन राजेश किशोर व प्रदीप प्रधान ने किया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने हर्ष ध्वनि के साथ अपनी सहमति प्रदान किया इसके बाद निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए अभिताश गुप्ता ने अपनी सहमति व्यक्त किया साथ ही सभी सम्मानित सदस्यों से वर्ष भर सहयोग की अपेक्षा किया ताकि अपने से कम भाग्यशाली लोगों की सेवा में क्लब अग्रणी भूमिका निभाता रहें साथ ही उन्होंने सहयोगी के रूप में सचिव पद हेतु आशीष गुप्ता व कोषाध्यक्ष पद हेतु राजेन्द्र सेठ का नाम सदन में रखा जिस पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया।

इस अवसर पर आशीष चौरसिया, संतोष अग्रहरि, राज केशरी, डा. विष्णु गौंड़, रवि शर्मा, अभिषेक जायसवाल, रवि गुप्ता, अभिषेक जायसवाल, अमित गुप्ता, गोपाल साहू, रसाल बरनवाल, राजेश अग्रहरि, विनय साहू, संदीप सेठी, योगेश साहू, अजय मोदनवाल, संजय वर्मा, विनीत गुप्ता, यश बैंकर, सिद्धार्थ साहू, रजनीश केशरी इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नाड़ी वैद्य डॉ. कुसुम पाण्डेय को मिला बेस्ट आयुर्वेदिक प्रैक्टिशनर अवार्ड



बेस्ट अवार्ड प्राप्त करती डा. कुसुम पाण्डेय

**जौनपुर।** शहर के जेसीज चौराहा वाजिदपुर रोड स्थित अम्मा हॉस्पिटल एवं पंचकर्म सेंटर की प्रख्यात नाड़ी वैद्य डा0 कुसुम पाण्डेय (आयुर्वेदाचार्य) को सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक (बेस्ट आयुर्वेदिक प्रैक्टिशनर अवार्ड) कटेगरी में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें बीते 23 एवं 24 मई को मुम्बई में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में आयुष ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड एंड कान्फ्रेन्स 2026 में मिला। आयुष दर्पण फाउण्डेशन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में भारत के वरिष्ठ एवं सुप्रसिद्ध वैद्य उमाशंकर निगम, नाड़ी एवं मर्म गुरू डा0 नवीन जोशी डा0 प्रियरंजन तिवारी एवं प्रसिद्ध वैद्य रमेश राजगुरू द्वारा संयुक्त रूप से डा0 कुसुम पाण्डेय को शाल एवं स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी ने डा0 कुसुम पाण्डेय द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना भी किया। बताते चलें कि डा0 कुसुम पाण्डेय अम्मा हॉस्पिटल में विद्धकर्म, अधिकर्म, जलौका, मर्म थिरेपी, नाड़ी परीक्षण, पंचकर्म एवं अन्य पद्धतियों से मरीजों का सफल उपचार करती चली आ रही है।

# डीआईजी वैभव कृष्ण ने घायल इंस्पेक्टर का जाना हाल

**जौनपुर।** चर्चित दूल्हा हत्याकांड में एक लाख के इनामी बदमाश रवि यादव के एनकाउंटर के बाद वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मुठभेड़ में घायल लाइन बाजार थाना प्रभारी केपी सिंह का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है कि 24/25 मई की रात खेतासराय थाना क्षेत्र में पुलिस की घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश रवि यादव घायल हो गया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। रवि यादव एक मई 2026 को बारात के दौरान दूल्हा आजाद बिंद की हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। मुठभेड़ के दौरान लाइन बाजार थाना प्रभारी के.पी. सिंह गोली लगने से घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है। वहीं एसओजी के उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश शुक्ला और प्रवीण यादव की बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी गोलियां लगीं, जिससे दोनों बाल-बाल बच गए। डीआईजी वैभव कृष्ण ने अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया और बाद में घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूल्हा हत्याकांड में फरार अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि पूरे मामले का खुलासा कर कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

## वेलकेयर डायग्नोसिस सेन्टर पर लगा ताला

**जलालपुर।** क्षेत्र के बीबनमऊ गेट के समीप अपना बाजार में स्थित वेलकेयर डायग्नोसिस सेन्टर पर सोमवार को डिप्टी सीएमओ डा. आलोक कुमार सिंह केराकत ने नोटिस चश्पा कराके ताला लगवा दिया। सीएचसी अधीक्षक रेहटी जलालपुर से इस सम्बन्ध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वेलकेयर डायग्नोसिस सेन्टर का कोई भी कागजात पूर्ण नहीं है। इसके बावजूद सेन्टर चलाने लगे इस लिए उनको नोटिस देकर डायग्नोसिस सेन्टर में ताला लगा दिया गया है।

# सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**जौनपुर।** महोबा जनपद की दलित बेटी का प्रयागराज में अपहरण के बाद सोलह दिनों तक हुए सामूहिक दुष्कर्म और प्रताड़ना के खिलाफ आक्रोशित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गयी है, महिलाओं, बहन बेटियों और छात्राओं की आबरु सुरक्षित नहीं है, सरकार डबल इंजन का स्वांग रचती रहती है किंतु हौसला बुलंद अपराधियों पर अंकुश लगाने में सरकार पूरी तरह फेल हो गयी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि महोबा की दलित बेटी जो नीट की परिक्षा की तैयारी कर रही थी, जिसने पढ़ लिख कर देश सेवा का संकल्प लिया था ऐसे होनहार बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मशार कर दिया है। डा. प्रमोद कुमार सिंह ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपराधियों को संरक्षण देने की नीति के कारण प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से पंगु हो गयी है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सभी दावों की हवा निकल चुकी है। डा. प्रमोद कुमार सिंह ने सरकार से मांग किया कि दलित बेटी को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले सभी अपराधियों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। धरना-प्रदर्शन के अंत में कांग्रेसियों ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। धरना प्रदर्शन का संचालन संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा ने किया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रेखा सिंह, लाल प्रकाश पाल, देवराज पांडेय, अरुण शुक्ला, सभासद शहनवाज मंजूर, रमेश चंद्र पाल, अनिल सोनकर, राजीव निषाद, राजकुमारी मिश्रा, प्रवेश निषाद, इरशाद खान राजू, राजकुमार गुप्ता, तौफीक अहमद, मकसूद खान, इकबाल हुसैन, सरिता यादव, मुहम्मद ताहिर, अजय सोनकर एडवोकेट, इस्तखारूल प्रधान, संतोष निषाद, रईस अहमद, अरविंद यादव, विजय बहादुर यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ऑटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव निवासी अंकुर कुमार पुत्र संदीप 13 वर्ष व अमित कुमार पुत्र दिनेश 16 वर्ष बाइक से केराकत स्थित गोमतेश्वर महादेव मंदिर पर हो रही शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे जैसे ही गोमती नदी पुल के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार ऑटो विपरीत दिशा में जाकर बाइक सवार को आमने - सामने टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना स्थल पर आस - पास के लोगो को आता देख ऑटो चालक वाहन समेत फरार हो गया। मौजूद भीड़ ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने घायलों की स्थिति गंभीर देख बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर कर दिया।वही घटना की जानकारी होने पर पुलिस सामुदायिक केंद्र पहुंच जांच पड़ताल की।

# जनाक्रोश से गूंजा अयोध्या जिला मुख्यालय, सपा ने किया जोर प्रदर्शन

## महंगाई, बिजली संकट, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ सांसद अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में सपाइयों का जोरदार प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के आह्वान पर मंगलवार को अयोध्या जिला मुख्यालय जनसमस्याओं को लेकर उठी आवाज से गूंज उठा। फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान जिला मुख्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनसमर्थन साफ नजर आया।

सहादतगंज ओवरब्रिज के नीचे रामपथ से शुरू हुआ प्रदर्शन जुलूस के रूप में जिला मुख्यालय पहुंचा। इस दौरान महंगाई, बदहाल बिजली व्यवस्था, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम, लगातार हो रहे पेपर लीक, बेरोजगारी, गैस सिलेंडर की किल्लत, सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई।

सभा को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि प्रदेश और देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं के संकट से जूझ रही है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल दिखावे की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनता के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी।




धरना-प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया। ज्ञापन में जनहित से जुड़े मुद्दों के जल्द समाधान की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जनता की समस्याओं का जल्द निस्तारण नहीं हुआ तो आंदोलन और व्यापक रूप से किया जाएगा।

प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्यालय समाजवादी पार्टी के नारों और जनता की आवाज से गूंजता रहा। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने प्रदर्शन में उपस्थित पार्टी के नेताओं,कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

उक्त अवसर पर मुख्य रूप से प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व मंत्री पवन पांडे, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय यादव,पूर्व एससी एसटी आयोग सदस्य श्रीमती रोली यादव,पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ़ रुश्दी मियां, पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय, भरतकुंड भदरसा चेयरमैन मोहम्मद राशिद,पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, अशोक वर्मा,अजीत प्रसाद, हाजी फिरोज खान गब्बर, सयुस पूर्व जिला अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, बख्तियार खान,हामिद जाफर मीशम, राम सागर वर्मा, अमृत राजपाल,अनीत शुक्ला, मो0 अली, रिजवान रसूल,शावेज़ जाफरी एडवोकेट, बलराम मौर्या,दान बहादुर सिंह,सरफ़राज़ नसरूल्लाह, महिला सभा अध्यक्ष सरोज यादव, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष जे पी यादव,विनोद लोधी, विकास सिंह छोटू, मोहम्मद राशिद खान,जब्बार अली, निवर्तमान उपाध्यक्ष एजाज अहमद, रामजी पाल, आकिब खान, सयुस जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव, रितेश यादव,अजय वर्मा राजू, अयोध्या विस अध्यक्ष रक्षाराम यादव, पृथ्वीराज यादव,सियाराम निषाद,श्रीचंद यादव, इंद्रपाल यादव, गोविंद विश्वकर्मा, अधिवक्ता सभा अध्यक्ष रामकरन यादव,प्रभात यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मूर्त रूप लेने से पहले ही खत्म हुआ प्रदर्शन, कैसे करेंगे सत्ता में वापसी

**अयोध्या।** विभिन्न जन समस्याओं को लेकर सांसद अवधेश प्रसाद ने जिला मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की थी। अवधेश प्रसाद सांसद का निवास सहादतगंज स्थित महाराणा प्रताप वार्ड में है, जबकि जिला मुख्यालय (कलेक्ट्रेट आदि) अटल नगर और अशफ़ाकउल्ला खां वार्ड में आता है।

दरअसल सांसद अवधेश प्रसाद का पूरा आंदोलन महाराणा प्रताप और सरदार भगत सिंह वार्ड तक ही सीमित रहा। वहां से आगे एक भी लाल टोपी बढ़ नहीं पाई। आंदोलन और ज्ञापन की इतिश्री सहादतगंज फ्लाईओवर (धनुष गेट) के पास ही हो गई। सांसद ने सभा भी अपने आवासीय परिसर में ही संपन्न कर दी।

समाजवादी पार्टी द्वारा महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में सपा सांसद अवधेश प्रसाद समेत जिले भर के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता पहुंचे, लेकिन धरना स्थल पर वह जोश और आक्रामकता कहीं नजर नहीं आई जिसकी उम्मीद की जा रही थी।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि सपा सांसद अवधेश प्रसाद बैरिकेडिंग तक भी नहीं पहुंच पाए और बीच रास्ते से ही पत्र व्यवहार कर वापस लौट गए। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में भारी निराशा देखने को मिली। कई कार्यकर्ता आपस में यही चर्चा करते नजर आए कि जिस आंदोलन को लेकर इतना बड़ा खाका खींचा गया था, उसमें नेतृत्व की आक्रामकता पूरी तरह नगण्य दिखी।

पुलिसिया व्यवस्था के आगे धरना प्रदर्शन पूरी तरह बौना साबित हुआ। अर्थात मूर्त रूप लेने से पहले ही प्रदर्शन खत्म हो गया ऐसा में बड़ा सवाल बनता है कि सपाई सत्ता में वापसी कैसे करेंगे ?

### महंगाई, बेरोजगारी, अघोषित बिजली कटौती पर जताया आक्रोश

#### सपा कार्यकर्तोटों ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा नौ सूत्रीय ज्ञापन




**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विद्याभूषण पासी(जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सपा) एवं अंकुर सेन (ब्लॉक प्रमुख हैरिंग्टनगंज) के नेतृत्व में देश और प्रदेश में असफल और निरंकुश भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही सरकार में प्रचंड रूप लेती महंगाई, बेरोजगारी, अघोषित बिजली कटौती, पेपर लीक स्थानीय समस्याओं जैसे 9 सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया और उपजिला अधिकारी मिल्कीपुर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में सुनीता कोरी विधानसभा अध्यक्ष मिल्कीपुर, दर्शना कोरी , पवन यादव बिट्टू (प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सपा) , अश्वनी यादव (प्रदेश सचिव युवजन सभा), ज्वाला प्रसाद रावत(जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सपा), समरपाल यादव (जिला अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सपा), एडवोकेट संदीप यादव, प्रधान रामजी रावत, गौरव रावत(क्षेत्र पंचायत सदस्य), अनिल यादव (क्षेत्र पंचायत सदस्य),विनय चौरसिया(क्षेत्र पंचायत सदस्य),प्रमोद कुमार (क्षेत्र पंचायत सदस्य),हिमांशु यादव, लईक अहमद, शोयब अहमद, मुकेश तिवारी, लवकुश तिवारी, कामेश्वर शुक्ला, अमित सिंह, अनुराग यादव, विक्रांत रावत, निशा कोरी, सुषमा पासी, विवेक यादव,अंशुल चौरसिया,धर्मेन्द्र रावत , शिव कुमार पासी, मनोज कुमार, बृजेश पासवान, प्रदीप रावत, राजकुमार पासी, बलकार यादव, मास्टर राम निहाल यादव, विजय यादव, अमर सेन यादव, सचिन यादव, संदीप यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### हनुमान जी की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि आती : प्रदीप महाराज

**अयोध्या।** श्री लड्डू गोपाल धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत प्रदीप महाराज ने ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार के पावन अवसर पर कहा कि सनातन धर्म में बड़े मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व माना गया है। इस दिन भगवान हनुमान जी की पूजा -अर्चना , भंडारा एवं सेवा कार्य करने से भक्तों को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख-समृद्धि आती है। महंत प्रदीप महाराज ने बताया कि जेठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को श्रद्धालु पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ हनुमान जी की आराधना करते हैं। जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन कर लोगों को प्रसाद वितरित किया जाता है.उन्होंने कहा कि भंडारा केवल भोजन वितरण नहीं, बल्कि मानव सेवा और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम सहित विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालुओं द्वारा बढ़-चढ़कर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। गरीब, जरूरतमंद एवं राहगीरों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। इससे समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। महंत प्रदीप महाराज ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे धार्मिक आयोजनों में सहभागिता कर समाज सेवा के कार्यों में आगे आएं तथा सनातन संस्कृति की परंपराओं को मजबूत बनाएं।

## हत्या की घटना का खुलासा, चार गिरफ्तार



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर ।** जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेन्द्र कुमार के कुशल पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी भीटी लक्ष्मीकान्त मिश्रा के मार्गदर्शन में एसओजी/स्वाट/सर्विलांस व थाना महरुआ की संयुक्त पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

ज्ञातव्य हो कि 25 मई को प्रातः लगभग 06.00 बजे ग्राम सेहरा जलालपुर के पहले खड़ंजे के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना थाना महरुआ पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुँचा, जहाँ मृतक की पहचान अजय कुमार पुत्र स्व0 रामनिहोर हरिजन निवासी ग्राम सेहरा जलालपुर सरैया थाना महरुआ जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 42 वर्ष के रूप में हुई। मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक प्रतिदिन घर से दूध लेकर महरुआ चौराहे के पास दूध देने हेतु जाता था एवं वापस अपने घर लौटता था। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना महरुआ पर मु0अ0सं0 90/2026 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

### आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 30 को

**अयोध्या।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 30 मई को प्रात: 10 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमे अधिष्ठान हाई फ्लो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, त्रिभुवन इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के.एम. शुगर मिल अयोध्या, यश पेपर मिल आदि कम्पनियाँ) प्रतिभाग कर रही है। कम्पनियो को आईटीआई पास प्रशिक्षार्थियों की आवश्यकता है उक्त कंपनी साक्षात्कार द्वारा अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिये अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी 30 मई 2026 को समयनुसार अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी छायाप्रति साथ लेकर उपस्थित हो। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु जनपद की विभिन्न कम्पनियाँ विभिन्न व्यवसायों को शिशिक्षु प्रशिक्षण कराने हेतु प्रतिभाग कर रही है। उक्त जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने दी है।

## कृषि विवि में आज लगेगा वैज्ञानिकों का जमावड़ा




**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट में आज आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय समूह सम्मेलन- (खरीफ) 2026 को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करेंगे। चारा फसलों एवं उसके उपयोग विषय पर यह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आई.सी.ए.आर नई दिल्ली के महानिदेशक डा. एम.एल जाट कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे जो दिल्ली से ऑनलाइन जुड़ेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर आई.सी.ए.आर नई दिल्ली के उप महानिदेशक डा. डी. के. यादव व अवध विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह मौजूद रहेंगे।

आई.सी.ए.आर नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक डा. एस.के प्रधान, आई.जी.एफ.आर.आई के निदेशक डा. पंकज कौशल, ए.आई.सी.आर.पी के परियोजना समन्वयक डा. विजय कुमार यादव की भी मुख्य रूप से मौजूदगी रहेगी। इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से लगभग 100 से अधिक वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे। कुछ वैज्ञानिक ऑनलाइन जुड़कर सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे।

### गुमशुदा पीड़िता बरामद



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकनगर में गुमशुदगी दर्ज की गयी थी जिसके क्रम में जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष मालीपुर स्वतंत्र मौर्या के नेतृत्व में शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत थाना मालीपुर मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम द्वारा पीड़िता निधी प्रजापति पुत्री विजय कुमार प्रजापति निवासी रुदौली अदाई थाना मालीपुर जनपद अंबेडकर नगर उम्र 22 वर्ष को सकुशल बरामद किया गया है ।

### पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई करते हुए जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाए। जनसमस्याओं के समाधान हेतु जनपद पुलिस पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

### पति-पत्नी के मध्य हुआ समझौता

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना भीटी मिशन शक्ति केंद्र पुलिस टीम द्वारा एक पारिवारिक विवाद का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया। पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न आपसी विवाद एवं मतभेद के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र पुलिस टीम द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसिलिंग की गई तथा आपसी संवाद के माध्यम से दोनों पक्षों में मध्यस्थता कर विवाद का शांतिपूर्ण निस्तारण कराया गया। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति व्यक्त करते हुए राजी-खुशी साथ रहने की सहमति दी तथा पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।



## मित्रसेन के गौरवशाली राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए भव्य द्वार बनकर तैयार

**जननायक मित्रसेन ने संघर्ष और जनाधार के बल पर तत्कालीन फैजाबाद जनपद को सामंतवाद की जकड़न से मुक्त कराने में निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका**

आर एस यादव

अयोध्या। पूर्व सांसद एवं जननायक मित्रसेन यादव की स्मृति में एक भव्य प्रवेश द्वार बनकर तैयार हो गया है। यह नवनिर्मित स्मृति द्वार उनके गौरवशाली राजनीतिक जीवन, संघर्षों और सामाजिक योगदान की अमिट याद दिलाने के चिरस्थाई बनायेगा। यह प्रवेश द्वार जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर मिल्कीपुर-खजुरहट मार्ग पर, खड़भड़िया चौराहे से भिटारी होते हुए चिलबिली और बहुराहवा जाने वाले मार्ग पर बनाया गया है। उनके जन्मस्थान भिटारी गांव से करीब दो किलोमीटर पहले निर्मित यह द्वार गांव की ओर मुड़ते ही लोगों को जननेता मित्रसेन यादव की याद दिलाएगा।




गेट का निर्माण उनके निधन के कुछ समय बाद शुरू हुआ था, जिसे उनके पुत्र एवं पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव ने पूरा कराया।

स्वर्गीय मित्रसेन यादव प्रदेश की राजनीति के ऐसे जननेता थे जिन्होंने अपने संघर्ष और जनाधार के बल पर तत्कालीन फैजाबाद जनपद को सामंतवाद की जकड़न से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गरीबों, किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले मित्रसेन यादव पहली बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से विधायक निर्वाचित हुए थे। बाद में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी से भी सांसद एवं विधायक बनने का गौरव प्राप्त किया।राजनीति में प्रवेश करने के बाद उन्होंने जनता की समस्याओं को शासन तक पहुँचाने का कार्य किया। वे लोकतांत्रिक मूल्यों के समर्थक रहे और जनसेवा को राजनीति का मूल उद्देश्य मानते थे। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने क्षेत्रीय विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई।

वे मिल्कीपुर और बीकापुर विधानसभा क्षेत्रों से छह बार विधायक तथा फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सदस्य चुने गए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश नेतृत्व में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके राजनीतिक कद का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता है कि उनके नाम और प्रभाव के सहारे उत्तर प्रदेश में अनेक लोग सांसद, विधायक, पंचायत अध्यक्ष और सहकारिता संस्थाओं के बड़े पदों तक पहुंचे।

मित्रसेन यादव का जन्म 11 जुलाई 1934 को तत्कालीन संयुक्त प्रांत (अवध एवं आगरा) में हुआ था। वे अपने पूरे राजनीतिक जीवन में किसी एक दल के मोहताज नहीं रहे और जनता के नेता के रूप में पहचाने गए। बीकापुर विधानसभा से विधायक रहते हुए 7 सितम्बर 2015 को इलाज के दौरान डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में उनका निधन हो गया। मित्रसेन यादव का जीवन समाज सेवा और जनकल्याण के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक दोनों क्षेत्रों में जनता के हितों को सर्वोपरि रखा। उनका व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत माना जाता है।

## पुलिस ने बकरीद के मद्देनजर किया गश्त



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अंबेडकरनगर सुश्री प्राची सिह अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार सीओ सिटी नितिश तिवारी के प्रभारी निरीक्षक नगर श्रीनिवास पांडेय के निर्देश पर शहजादपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में कस्बे में मंडी में नई सड़क शहजादपुर में चौकी प्रभारी शहजादपुर ब्रह्मम प्रकाश श्रीवास्तव उप निरीक्षक राकेश खरवार अपनी टीम के साथ पैदल गस्त भ्रमण कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा भरोसा कि अकबरपुर कोतवाली पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है आगामी बकरीद त्यौहार त्यौहारों को शांतिपूर्वक करवाने के लिए चौकी प्रभारी शहजादपुर ब्रह्मम प्रकाश श्रीवास्तव उप निरीक्षक राकेश खरवार ने शहजादपुर दोस्तपुर रोड पर संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की कहां रोड पर फालतू घूमते दिखाई पड़े तो होगी कड़ी कार्रवाई वहीं स्थानीय लोगों को सुरक्षा का व्यवस्था दिलाया कि कोतवाली नगर पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है इस दौरान हैंड कांस्टेबल मंगल यादव आदि कांस्टेबल आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## वेतन बहाली के लिए उ.प्र. प्राशिसं ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

### शीघ्र वेतन बहाल न होने पर जिलाध्यक्ष अवधेश यादव ने धरने की चेतावनी दी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में नामांकन कम होने की स्थिति में सैकड़ों शिक्षकों के अवरुद्ध वेतन की बहाली, जनगणना कार्य ग्रीष्मकालीन अवकाश में कराए जाने के एवज में उपार्जित अवकाश स्वीकृत करने ,भीषण गर्मी में शिक्षकों के स्वास्थ्य को देखते हुए अनावश्यक दबाव न बनाने आदि विषयों को रखते हुए इनके त्वरित समाधान की मांग की गई.ज्ञापन में अवधेश यादव जिलाध्यक्ष ने बताया वेतन ही शिक्षक की प्राणवायु है इसको रोका जाना आजीविका पर संकट डालकर संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है ऐसे शिक्षकों के अवरुद्ध वेतन को बहाल करते हुए ही वेतन निर्गत किया जाना चाहिए। जिला मंत्री अशोक वर्मा ने बताया कि शिक्षक जब संतुष्ट रहेगा तभी बेहतर कार्य निष्पादन दे सकेगा। शिक्षकों का उत्पीड़न कदापि शिक्षक शिक्षा शिक्षार्थी के हित में नहीं है। तमाम बिना मानक के संचालित प्राइवेट विद्यालयों के खुल जाने का नकारात्मक प्रभाव सरकारी विद्यालयों के नामांकन पर भी पड़ा है। जिससे परिषदीय विद्यालयों में नामांकन प्रभावित हुआ है, उन्होंने कहा कि इतने भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में भी हमारे शिक्षक साथी राष्ट्रीय कार्यक्रम को पूरी तन्मयता से संपादित कर रहे हैं ऐसे में उनके वेतन को अवरुद्ध करना उनके मनोबल को कम करने जैसा होगा, शिक्षकों पर अनावश्यक कोई दवाव न बनाया जाए, जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को 30 दिनों का उपार्जित अवकाश देते हुए मानवसंपदा पोर्टल पर अपडेट किया जाय, जिला कोषाध्यक्ष फूल चंद सरोज ने मांग की कि ब्लॉकों पर तैनात कार्यालय के पटल सहायकों का स्पष्ट कार्य विभाजन करते हुए प्रत्येक ब्लॉक के शिक्षक ग्रुपों में लिस्ट साझा की जाय।




उक्त कार्यक्रम में अवधेश यादव, जिलाध्यक्ष, अशोक वर्मा जिला मंत्री, फूल चंद सरोज जिला कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ मनुजेश यादव, जिला संयुक्त मंत्री अजय वर्मा, जिला संगठन मंत्री प्रदीप कुमार मौर्य,अशोक यादव ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली, उमाशंकर ब्लॉक संयोजक सोहावल रंजीत यादव ब्लॉक अध्यक्ष हैरिंग्टनगंज, प्रतीक वर्मा, शिव नाथ, इंद्र भान वर्मा, दुर्गेश यादव, पंकज यादव , राम अंजोर यादव, रामप्रकाश रावत, मानवेंद्र वर्मा, रामसुरेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, डॉ मुकेश आनंद जिला उपाध्यक्ष, रीता चौहान,सुभाष वर्मा, अवधेश कुमार, जिला जीत वर्मा,जिला मीडिया प्रभारी,सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## अभी उमस भरी गर्मी से राहत के आसार नहीं

अयोध्या। आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी सप्ताह 27 से 31 मई, की 29, 30 व 31 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने एवं अधिकांश स्थानों पर गरज-चमक व तेज हवा के साथ बूंदाबांदी व हल्की वर्षा होने की संभावना है। शेष दिनों में मौसम शुष्क बने रहने तथा उष्ण लू चलने की संभावना है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक क्रमशः 40 से 44 डिग्री सेल्सियस व 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहने व पूर्वी हवा के सामान्य व सामान्य से तेज गति से चलने की संभावना है, जिससे अभी उमस भरी गर्मी से राहत के आसार नहीं है। श्री मिश्र के अनुसार मंगलवार का अधिकतम तापमान 41.0 डिग्री जो सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक रहा जबकि न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री यह भी सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 78 व न्यूनतम 38 प्रतिशत रही। 6.7 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से दक्षिणी-पश्चिमी दिशा से हवाएं चली।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी के संसर्ग और शपथी के एकमात्र विवाहिता धर्म पत्नी श्रीमती नीता के बतन से पैदा पुत्र का आधार कार्ड संख्या 7834 6383 2165 है, जिसमें पुकारू नाम मोनू तथा त्रुटिपूर्ण जन्मतिथि 5.7.2010 ई0 अंकित हो गया है, जबकि जन्म प्रमाण पत्र में अभिलेखीय नाम आदेश राज निषाद, व वास्तविक जन्मतिथि 21.01.2011 (इक्कीस जनवरी सन् उन्नीस सौ ग्यारह ई0) है, जो सत्य व सही है । उक्त आधार कार्ड नम्बर पर अंकित विवरण शपथी के पुत्र का है, जिसमें अंकित नाम व जन्मतिथि तथा जन्म प्रमाण पत्र में अंकित नाम व जन्मतिथि (दोनों) एक व्यक्ति शपथी के पुत्र के ही हैं । आज से शपथी के पुत्र मोनू के उक्त वास्तविक नाम व जन्मतिथि से जाना व पहिचाना जाये ।

**सूचनाकर्ता-बृजेन्द्र पुत्र सन्तराम निषाद**

**निवासी ग्राम, पोस्ट, थाना, तहसील भीटी, जिला अम्बेडकरनगर, उ0प्र0, पिन कोड-224132**

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (जू0डि0) महोदय, टाण्डा, अम्बेडकरनगर

मूल वाद संख्या-698/2023

तारीख पेशी 22.07.2026

हरिनाथ सिंह आदि बनाम सईदुर्रहमान आदि

बनाम 1 सईदुर्रहमान आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र शब्बीर अहमद ग्राम नोनारा (हंसवर) पोस्ट हंसवर, 2 इन्द्रपाल आयु लगभग 45 वर्ष पुत्र दीनानाथ निवासी मौजा शमसुद्दीनपुर, 3 मेवालाल आयु लगभग 40, 4 नन्दलाल आयु लगभग 60 वर्ष पुत्रगण बहरैची निवासीगण मौजा जैनुद्दीनपुर, समस्त परगना बिड़हर, तहसील टाण्डा, जिला अम्बेडकरनगर-प्रतिवादीगण

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 22 माह 07 सन् 2026 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज तारीख 24 माह. 06 सन् 2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय